दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2020, वैशाख कृष्ण पक्ष-चर्तुदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-11 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वाकई कोरोना से भी कहीं ज्यादा घातक और भयानक अफवाह होती है। जो न सिर्फ सोशल मीडिया के माध्यम से बल्कि माउथ-टू-माउथ भी तेजी से फैलती है। कोरोना का भी देर सवेर ईलाज ढूंढ लिया जाएगा लेकिन लगता है अफवाह का कोई उपचार नहीं है।
अफवाह के चलते महाराष्ट्र के पालघर में हिंसक भीड़ ने दो साधुओं सहित तीन लोगों की पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस तमाशबीन बन कर मॉबलिंचिंग देखती रही। मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना घोर निंदनीय है। उन हैवानों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चले और फांसी की सजा मिले।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
अमेरिका	765613	40620
स्पेन	200210	20852
इटली	178972	23660
फ्रांस	152894	19718
ब्रिटेन	120067	16060
ईरान	83505	5209
टर्की	86306	2017
कनाडा	35056	1587
स्वीट्जरलैंड	27944	1406
रूस	47121	405
पुर्तगाल	20863	735
ऑस्ट्रेलिया	14795	470

जलाशय काम के लिए बिना अनुमति यहीं के पत्थरों से गिट्टी बना रहा ठेकेदार

करीब दो माह से चल रहा ये सिलसिला, पर अफसर नहीं कर रहे कार्रवाई, निर्माण में लगने वाली करीब आधी गिट्टी की कर ली व्यवस्था

■ सिकासार जलाशय परिसर में अवैध तरीके से लगा ली स्टोन क्रेशर मशीन

राधे पटेल

मैनपुर/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लगे लॉकडाउन में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो मनमानी तरीके से अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हैं। गरियाबंद जिले के सिकासार जलाशय की ही बात कर लेते हैं। इस वृहद सिंचाई परियोजना के मेंटनेंस पर राज्य सरकार की ओर से बड़ी राशि खर्च की जाती है। वर्तमान में इस जलाशय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लॉकडाउन के कारण साइट पर नहीं पहुंच पा रहे अफसर, इंजीनियर

परिसर के लोगों की मानें तो उक्त निर्माण कार्य पूर्णतः ठेकेदार की मनमानी से चल रहा है। विभागीय अधिकारी व इंजीनयर लॉक डाउन के कारण साइट पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। लिहाजा आलम ये है कि पूरा काम ठेकेदार की मनमर्जी से चल रहा है। इससे तुर्रा ये कि जलाशय परिसर से अवैध रूप से पत्थरों की तुड़ाई कर गिट्टी बनाई जा रही है। लेकिन जिम्मेदार अफसरों के रुख से ऐसा लग रहा है कि उन्हें इससे कुछ लेना देना ही नहीं। ठेकेदार द्वारा बांध निर्माण स्थल पर बिना किसी अनुमति के स्टोन क्रेशर दो माह पूर्व ही प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे शासन को लाखों रुपए का चूना लग रहा है। कभी जिले के अफसर जलाशय का दौरा कर भी लें तो कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझते, अन्यथा कार्रवाई हो जाती।

सिकासार जलाशय के नजदीक संचालित गिट्टी क्रेशर हमारे वन परिक्षेत्र अंतर्गत नहीं है। उक्त भूमि राजस्व विभाग के अंतर्गत है। ठेकेदार द्वारा हमारे विभाग से एनओसी लिया है या नहीं इसकी मुझे जानकारी नहीं है। मैंने अभी कुछ दिन पूर्व ही चार्ज लिया है। ऑफिस पहुंच दस्तावेज देखकर ही बता पाऊंगा।
राजेंद्र सोरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, धवलपुर (सामान्य)

हमारे द्वारा सिकासार में गिट्टी क्रेशर लगाने की अनुमति नहीं दी गई है। मैं उक्त गिट्टी क्रेशर को अभी बन्द करवाता हूं।
जेआर चौरसिया, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), गरियाबंद

राजधानी में खत्म हुआ 72 घंटे का संपूर्ण लॉकडाउन, खुलीं दुकानें

राहत से कहीं चिंता भरे तो कहीं संयंम के भी नजारे

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर राज्य सरकार की ओर से हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। संपूर्ण लॉकडाउन भी इनमें से एक है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार से सोमवार तक 72 घंटे का संपूर्ण लॉकडाउन था। सोमवार को लॉकडाउन खत्म होते ही रायपुर वासियों को राहत मिली तो कहीं इस राहत ने थोड़ी चिंता भी बढ़ा दी। संपूर्ण लॉकडाउन खत्म होने पर राजधानी की अत्यावश्यक सेवाओं वाली जैसे- राशन व सब्जी की दुकानें खुल गईं। वहीं केंद्र सरकार के दिशानिर्देश के मुताबिक राज्य शासन की ओर से 3 मई तक के सामान्य लॉकडाउन के दौरान कुछ गतिविधियां भी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में कोरोना की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए राज्य का आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी भी है। लेकिन दुकानें खुलाने पर कुछ स्थानों पर ऐसा लगा कि मानों लोगों ने सोशल व फिजिकल डिस्टिंसिंग के पाठ को मन से भुला दिया। कुछ दुकानों पर लोगों का एक दूसरे के करीब आकर खरीदारी करना चिंता बढ़ाने वाला चित्र था। लेकिन कुछ प्रतिष्ठानों पर सोशल डिस्टंसिंग का पालन होता भी दिखा। यहीं नहीं भीड़भाड़ वाली कुछ जगहों पर लोगों की सुरक्षा के लिए सैनिटाइजेशन टनल बखूबी काम करते भी देखी गई।

रावणभाटा स्थित नए बस स्टैंड में आज शुरू हुआ सब्जी बाज़ार, फिजिकल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाते हुए लोगों ने की जमकर खरीददारी।

सीएम ने कोरोना रोकथाम के लिए सभी जिलों को जारी किए 25-25 लाख रु.

मुख्यमंत्री सहायता कोष से दी गई 7 करोड़ की राशि

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी 28 जिलों को 25-25 लाख रुपए की राशि जारी की है। मुख्यमंत्री सहायता कोष से कुल 7 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक संसाधन, सामग्री और राहत कार्यो के लिए यह राशि खर्च की जाएगी। सीएम ने इससे पूर्व राज्य के 11 जिलों को 20-20 लाख रुपए की राशि जारी की थी। इसमें कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, बलरामपुर, मुंगेली, कोरिया और कबीरधाम जिले शामिल थे। अभी 25-25 लाख रुपए प्रदेश के सभी 28 जिलों को आबंटित किया गया है।

चिंता इसलिए भी लाजिमी

संपूर्ण लॉकडाउन खुलने के बाद सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। बढ़ी संख्या में लोग बाजारों तक पहुंचकर खरीददारी करने को आमादा है। गोलबाजार में जरूरत का सामान लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दुकानों के खुलते ही लोगों की भीड़ दुकानों पर इकट्ठा हो गई। जहां सोशल व फिजिकल डिस्टिंसिंग को लेकर नजारा थोड़ा चिंताजनक था। सड़कों पर बड़ी तादाद में दो पहिया और चार पहिया वाहन फर्राटे मारते नजर आ रहे हैं।

इधर, अनुशासन की झलकियों से बढ़ा विश्वास

इस सबके बीच राजधानी के कुछ बाजारों व प्रतिष्ठानों पर सोशल व फिजिकल डिस्टिंसिंग संबंधी अनुशासन से यह विश्वास और पक्का हो जाता है कि छत्तीसगढ़ कोरोना को पूरी तरह हरा सकता है, बशर्ते लोग अपनी जिम्मेदारी को इसी तरह समझें। ऐसा नजारा मेडिकल एजेंसी परिसर में देखने को मिला। वहीं शहर के सभी चौक-चौराहों पर पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी भी इस दिशा में प्रशंसनीय है।

अनंतनाग में आतंकवादी हमला, पुलिसकर्मी शहीद

श्रीनगर/ (वार्ता)। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुए आतंकवादी हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आतंकवादियों ने रविवार की देर शाम अनंतनाग के बाही कोकरनाग के पास ग्रेड कांस्टेबल मंजूर अहमद के निवास के पास उस पर गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि मंजूर हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि हमलावार भागने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि घायल पुलिसकर्मी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी।

विपक्षी दल भाजपा की मांग पर महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा

पालघर मॉब लिंचिग मामले की होगी उच्चस्तरीय जांच

■ भीड़ ने कर दी थी दो संतों की हत्या

पालघर (वार्ता)। महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी नीत सरकार ने विपक्षी भाजपा की मांग पर पालघर में हुई हालिया 'मॉब लिंचिंग' घटना की सोमवार को उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये। हिंसक भीड़ की ओर से की गयी इस हिंसा में महाराष्ट्र के पालघर की धनु तहसील में रविवार को जूना अखाड़े के दो संतों समेत तीन लोगों की पीट-पीट कर हत्या पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस मुद्दे ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी और विपक्षी भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस और प्रवीण दरेकर ने ना केवल हत्याओं की निंदा की है, बल्कि राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की है। पीड़ितों को पुलिस के सामने हमला किये जाने की घटना को अमानवीय बताते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस घटना की जांच की मांग की और कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

व्यथित सीएम योगी ने की उद्धव से बात

महाराष्ट्र के पालघर में जूना अखाड़े के दो संतों और उनके ड्राइवर की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। योगी ने इस सिलसिले में रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बात की और उनके जिम्मेदार तत्वों के खिलाफकठोर कार्रवाई का आग्रह किया। ठाकरे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया है कि पुलिस ने इस मामले में लिप्त कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है और अन्य की तलाश की जा रही है।

सीएम योगी अदित्यनाथ के पिता का निधन

नई दिल्ली/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट का सोमवार सुबह दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी ने ट्वीट कर जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के पिता का सोमवार सुबह 10 बजकर 44 मिनट पर निधन हो गया।

सीएम बघेल ने निधन पर दुख प्रकट किया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री बघेल ने अपने ट्वीट संदेश में कहा है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के पूज्य पिता जी के दिवंगत होने की दुखद खबर मिली। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं योगी आदित्य नाथ जी एवं उनके परिजनों के साथ है, मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

कटघोरा में बीमार बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं को ऐहितियातन रखा जा रहा क्वारंटाइन में

■ कोरोना के फैलाव को रोकने की कवायद, हाई रिस्क वाले सभी लोगों को किया जा रहा शिफ्ट

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोरोना का हॉट स्पॉट बन चुके कटघोरा के वार्ड नंबर 10 एवं 11 से संक्रमण की हाई रिस्क आशंका वाले सभी लोगों को क्षेत्र से निकालकर सुरक्षित क्वारंटाइन सेंटरों में रखने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन रोगों के पीड़ितों पर फोकस

डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, पैरालिसिस, किडनी के रोग आदि से पीड़ित बीमार बुजुर्गों को भी संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए तत्काल कोर एरिया से बाहर क्वारंटाइन सेंटरों में शिफ्ट करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ एस. जयवर्धन, एसडीएम सूर्यकिरण तिवारी, सीएमएचओ डॉ. बीबी बोर्डे, डीपीएम पद्माकर शिंदे भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने दिए ये निर्देश

तत्काल सर्वेलेंस टीम द्वारा कोर एरिया का घर-घर सर्वे कर बीमार बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती महिलाओं की पतासाजी की जाए।

देश में कोरोना से 24 घंटे में 40 मौतें और 1540 नए केस

कुल मरीजों की तादाद 17656, 559 लोगों ने गंवाई जान

नई दिल्ली। भारत में विदेशी नागरिकों सहित कोरोना वायरस महामारीह्य से संक्रमित होने वालों की संख्या सोमवार (20 अप्रैल) को बढ़कर 17,656 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार शाम को जारी आंकड़ों में कहा कि देश में कोविड-19 संक्रमण के चलते 559 मौतें हुई हैं और वर्तमान में कुल 14,255 व्यक्ति महामारी से संक्रमित हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1540 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 40 लोगों को इस वायरस की वजह से अपनी जान गंवानी पड़ी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना से संक्रमित 316 लोगों के स्वस्थ होने के साथ ऐसे लोगों की संख्या 2842 (1 माइग्रेटेड) पर पहुंच गई है।

चिंता -कोरोना संक्रमण को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेताया

लॉकडाउन हटाना महामारी का अंत नहीं, बल्कि अगला चरण

रियाद/नई दिल्ली। लॉकडाउन हटाने को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने आगाह किया है। वैश्विक संस्था ने कहा है कि कोरोना वायरस के संदर्भ में कहा है कि लॉकडाउन हटाना महामारी का अंत नहीं है बल्कि यहां से इसके अगले चरण की शुरुआत होती है जिसके लिए हमें तैयार रहना चाहिये। कोरोना वायरस पर जी-20 देशों की 'वर्चुअल' बैठक को संबोधित करते हुये डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. तेद्रोस गेब्रियेसस ने कहा कि हम इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि जी-20 समूह के कई देश सामाजिक प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि यह प्रक्रिया चरणबद्ध हो। लॉकडाउन संबंधी प्रतिबंधों को हटाना किसी देश में महामारी का अंत नहीं, अगले चरण की शुरुआत है।

मामले बढते हैं तो पूरी रहनी चाहिए तैयारी

डब्ल्यूएचओ ने सलाह दी है कि प्रतिबंधों में ढील से पहले सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनके पास कोविड-19 के हर मरीज का पता लगाने, उनकी जांच, उनके एकांतवास तथा देखभाल और उनके संपर्क में आये हर व्यक्ति की पहचान की पर्याप्त क्षमता मौजूद है। यदि मामले बढ़ते हैं तो उससे निपटने के लिए उनके स्वास्थ्य तंत्र में मामलों के अनुरूप पूरी सुविधा होनी चाहिये।

नागरिकों को रोकथाम के लिए शिक्षित करना होगा

तेद्रोस ने कहा कि अगले चरण में राष्ट्रों को अपने नागरिकों को वायरस की रोकथाम के लिए शिक्षित करना होगा, उन्हें इसमें भागीदार और सशक्त बनाना होगा। वायरस का प्रकोप दुबारा बढ़ने की स्थिति में उन्हें त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भी तैयार रहना होगा।


श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

पीलिया से बचाव

पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है, जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रगट होते हैं। व्यक्तिगत स्वच्छता में कमी व दूषित जल के सेवन से या फिर मक्खी आदि कीट के द्वारा पीलिया फैलता है।

पीलिया के लक्षण

- बुखार,भूख न लगना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना,सर में दर्द होना आदि पीलिया के प्रारंभिक लक्षण हैं।
- पेट मे दर्द, कमज़ोरी थकावट के साथ त्वचा का रंग पीला हो जाता है।
- आंखों में पीलापन दिखने पर अथवा पेशाब का निरंतर पीला होना।

पीलिया से बचाव के उपाय

- स्वच्छ पेयजल का ही सेवन करें यथा संभव पानी को बर्तन में उबालकर ही पियें।
- उपरोक्त लक्षणों के दिखने पर 108 से संपर्क कर तत्काल नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर चिकित्सक को दिखाएं।
- सब्जी इत्यादि को अच्छी तरह धोकर ही उपयोग में लाएं।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर क्लोरीन गोली प्राप्त करें एवं निर्देशानुसार उपयोग कर जल का सेवन करें।

शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच एवं उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए 104 पर संपर्क करें

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

कोरोना वायरस के प्रतिदिन दो सेम्पल भेज कर उसकी रिपोर्ट प्राप्त होगी

मुंगेली। रायपुर में कोरोना वायरस के सेम्पल चेक करने की क्षमता में बढ़ोतरी हुई है जिसके चलते मुंगेली से भी अब प्रतिदिन सेम्पल भेजने की संख्या तय की गई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले का स्वास्थ्य विभाग अब प्रतिदिन 2 सेम्पल परीक्षण हेतु रायपुर भेज सकेगा। इस नई व्यवस्था के अनुसार गतदिनों मुंगेली जिले से दो सेम्पल परीक्षण के लिए भेजा गया था उन दोनो की रिपोर्ट निगेटिव आयी है, इस तरह जिले से अब तक 14 सेम्पल परीक्षण हेतु भेजा गया था जिनमें से 12 सेम्पल के रिपोर्ट निगेटिव आए है व दो सेम्पल के रिजेक्ट होने से उनके परिणाम भी निगेटिव आए है इस तरह भेजे गए 14 सेम्पल के रिपोर्ट निगेटिव आए है। जिले में 35 लोग क्वारेंटाइन में है जिनमें से 31 मुंगेली व 4 पथरिया में रखे गए है। होम आइसोलेशन में 1966 लोगो का आइसोलेशन पीरियड 28 दिन समाप्त हो जाने के कारण उन्हें होम आइसोलेशन से मुक्त कर दिया गया है जिसके पश्चात होम आइसोलेशन में रहने वाले की संख्या 3043 रह गई है।

हल्बा समाज द्वारा 'मुख्यमंत्री राहत कोष' में एक लाख 33 हजार 931 रूपये का दान

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए जिले के अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में 01 लाख 33 हजार 931 रूपये दान किया गया है। दान की गई राशि का चेक हल्बा समाज के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल. चौहान को आज सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक कांकेर श्री शिशुपाल शोरी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर और अखिल भारतीय हल्बा समाज के पदाधिकारी आधार सिंह गोडरा, श्यामसिंह तारम, डॉ. जीवन नाग, उपेश्वर ठाकुर, तरेन्द्र भण्डारी, देवेन्द्र सिंह भाऊ, दीपक रायस्त, डॉ. नीलकण्ड तारम, विजय नाग, प्रो. बी. समुन्द्र, परसुराम भोयर, जगदीश भोयर, रोमन सिंह ठाकुर, नवराज यामले, प्रशांत देहारी, गिरवर गुरूवर, सोभी राम देहारी, पुनीत राणा, इत्यादि उपस्थित थे।

रासेयो स्वयंसेवकों ने शहर के बाजार में चलाया जागरूकता अभियान

काँकेर। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहा है 7 डॉ. डी.एल.पटेल, रासेयो कार्यक्रम समन्वयक बस्तर विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार व डॉ. आयशा कुरैशी जिला संगठक कांकेर के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज राव, डॉ. जय सिंह, आबिद खान, देवेन्द्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवक चेतन पवार, हरेन्द्र पटेल, सत्यनारायण, देवेंद्र दुर्गे, चुम्मन कोसरिया, रचना साहू, गौरव साहू, गौरव नायर, चिंतामणी कोसरिया, लोकेन्द्र यादव ने कांकेर शहर के बस स्टैंड के पीछे बाजार में लोगों को कोविड-19 से अवगत कराते हुए इसकी गंभीरता से लोगों को अवगत कराया 7 स्वयंसेवको द्वारा लोगों को बताया गया कि इससे बचने हेतु आपको नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोना ,खुले एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों का सेवन न करें, छिंकते और खांसते समय नाक और मुंह ढकें, जिस व्यक्ति में खाँसी, जुकाम या बुखार के लक्षण हों उससे दूरी बनाएं, मास्क का प्रयोग व हर जगह सोशल डिस्टेंस बनाए रखना इत्यादि सावधानी बरतनी पड़ेगी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांदे का कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण

कांकेर। जिले के कलेक्टर श्री के.एल. चौहान, पुलिस अधीक्षक एम.आर. अहीरे ने शनिवार को पखांजूर तहसील अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांदे का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा अस्पताल की साफ-सफाई तथा व्यवस्था को देख कर बेहद खुश हुए। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित मरीजों से ईलाज की सुविधा, निःशुल्क दवाईयों का वितरण सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लिया, जिस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अस्पताल के डॉक्टरों का व्यवहार बहुत अच्छा है, ईलाज कराने में उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती, दवाईयां भी निःशुल्क मिलता है। अस्पताल परिसर में सर्दी, खासी, बुखार इत्यादि से संबंधित मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए फीवर क्लीनीक की स्थापना किया गया है।

निधन

दुर्गा शंकर तिवारी

मुंगेली। जवाहर वार्ड निवासी दुर्गा शंकर तिवारी उम्र 54 की मृत्यु शनिवार की रात्रि 3.15 बजे हो गई, उनका अंतिम संस्कार जवाहर वार्ड के मुक्तिधाम सम्पन्न हुआ। जिसमें समाज के लोग शामिल हुए।

तालाब बनाने वृक्षों पर चली कुल्हाड़ी

- लॉक डाउन में ग्रामीणों को रोजगार के बजाय मशीन का किया गया उपयोग

बैकुंठपुर। कोरिया वन मंडल के सोनहत छेत्रो में वनों की कटाई लॉक डाउन में सुर्खियों का विषय तो बना हुआ था कि इसी बीच सोनहत वन परीछेत्र में अधिकारी ने तालाब बनाने हरे भरे वृक्षों पर कुल्हाड़ी चला दी जिससे अब ये बड़े बड़े वृक्ष धरासायी होकर जमीन पर पड़े हुए हैं जहाँ वन विभाग तालाब बनाने में हो रही असुविधा को देखते हुए इन्हें काटने की बात कह कर पल्ला झाड़ रहा जब कि नियमतः पेड़ो को काटना ही नही था ।

मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोनहत विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सोनहत वन परीछेत्र में साल और सागौन से आच्छादित वनक्षेत्र जो इसकी सोभा हुआ करते थे किंतु वर्तमान में सड़क किनारे को छोड़कर अंदर के छेत्रो में लगातार वनों की कटाई जारी है जहाँ

अब वन विभाग के अधिकारियों ने ही तालाब बनाने पेड़ो पर कुल्हाड़ी चला दी जिससे छेत्र में कटाई को लेकर तरह तरह की चरचा है कि अब इन काटे हुए पेड़ो पर दोसी कौन !विदित है कि सोनहत अंतर्गत ग्राम रजौली के पंडोपारा जोगी बांध नामक स्थान पर तालाब निर्माण का कार्य वन विभाग ने जेसीबी व ट्रैक्टर से कराया जा रहा है जहा एक ओर महामारी को देखते हुए सारे कार्य बंद है वही वन विभाग जल्द बाजी में कार्य पूरा करने में लगा हुआ है क्यो की मार्च में ही राशि आहरण होने की बात कही जा रही है वही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी नही किया जा रहा जब कि शासन के कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा गांव के प्रत्येक घरों में जाकर समझाइश दी जा रही है ताकि इस महामारी से निजात पाई जा सके लेकिन विसंगति यह है कि वन विभाग के द्वारा सोशल डिस्टेंस की अवहेलना करते हुए ग्रामीणों को रोजगार देने के बजाय वन सीमा में 6 ट्रैक्टर और दो जेसीबी लगाकर तालाब निर्माण का कार्य लगातार धड़ल्ले से कराया जा रहा जब कि वर्तमान में ग्रामीण छेत्रो में टूटी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने ग्रामीणों को रोजगार देने की आवश्यकता है ।

वही शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के पश्चात भी नियमो की अनदेखी कर तालाब निर्माण स्थल पर सात आठ व्यक्ति एक साथ बैठे हुए बिना चेहरे ढके हुए कार्यस्थल पर मौजूद थे लेकिन सैनिटाइजर मॉक्स और साबुन नही थे , जब कार्यस्थल पर उक्त सामग्री कहां है ,आपके द्वारा सोशल डिस्टेंस का पालन क्यों नहीं किया जा रहा के संबंध में जानकारी लेना चाही गई तो कर्मचारी ने साफ मना करते हुए कहा कि इस संबंध में रेंजर साहब ही कुछ बता सकते हैं हमको जैसा आदेशित किया गया है। हम तो उनके आदेश का पालन कर रहे हैं जब कि एक ही जगह पर दो तालाब का निर्माण कराया जा रहा है दोनों तालाब की दूरी लगभग डेढ़ सौ मीटर की है वही दो तालाब का निर्माण एक ही जगह पर कराने को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं ।

सुबह से ही सफाई में जुट जाते हैं नगर पालिका परिषद के कर्मचारी

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगर पालिका परिषद् द्वारा इन दिनों साफ-सफाई पर ज्यादा फोकस किया गया है सुबह से ही नगर पालिका परिषद् के सफाई कर्मचारी सफाई में जुट जाते है, सदर बाजार व गांधी वार्ड में स्थिति नालियों की स्थिति कुछ इस तरह अव्यवस्थित है उनका सफाई करना कठिन कार्य है लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे ने इन नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया है और फायरबिग्रेड का इस्तेमाल में नाली के सफाई में भी कर रहे है जिसके चलते अंडरग्राउड नाली अथवा जहां नाली की सफाई करने में परेशानी हो रही है उन स्थानों में फायरबिग्रेड का इस्तेमाल कर फोर्स के साथ नाली की गंदगी को सफाई करने में जुटे हुए है गांधी वार्ड की स्थित नाली के सफाई के दौरान दो-तीन बड़े स्प्राईट व लिम्का के बाटल मिलने से स्थिति स्पष्ट हुआ कि इन बोतलो के कारण नाली जाम हो गया था जो कि फायरबिग्रेड के फोर्स से बाहर निकल आया है और नालियां सफा हुई इधर फायर बिग्रेड का इस्तेमाल सेनेटाइजिंग के लिए भी किया जा रहा है इसके साथ ही नगर के सभी वार्डों में फॉगिंग मशीन के द्वारा रासायनिक केमिकल युक्त धुआ छोड़ कर मच्छर व अन्य कीटों से भी राहत दिलाने का कार्य नगर पालिका कर रही है जो कोरोना वायरस के मद्देनजर नगर पालिका बचाव के लिए साफ-सफाई व सुरक्षा पर ध्यान देकर कार्य कर रही है। सीएमओ मुंगेली राजेंद्र पात्रे ने लोगो से अपील की है कि ऐसे रासायनिक केमिकल वाले छिड़काव घरो में निजी तौर पर करने वाध्य ना करे क्योकि भवनों के भीतर या घिरे हए स्थानों पर इसके छिडकाव से लोगो की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। वर्तमान फॉगिंग मशीन में डीजल के साथ फागिंग सोल्यूशन का इस्तेमाल होता है और इससे निकलने वाला धुआ खुले स्थानों को छोड़कर अन्य स्थानों में प्रयोग लोगों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना गया है।

फल-सब्जी ऑन लाइन डिलीवरी वेबसाइट का मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन

- फल एवं सब्जी घर पहुंच सेवा ऑन-लाइन आर्डर के लिए जिला में पंजीयन प्रारंभ
- कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने सर्वप्रथम पोर्टल का उपयोग कर खरीदी सब्जी

सूरजपुर। कोरोना वायरस महामारी के संक्रमण को रोकने के लिए पूरे देश में लॉक-डाउन को 3 मई तक के लिये बढ़ा दिया गया है। यद्यपि लॉकडाउन की अवधि में फल-सब्जी आदि की दुकाने खुली रखने की अनुमति दी गई है फिर भी फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिये यह अच्छा होगा कि फल एवं सब्जी की घर पहुंच सेवा ऑन-लाइन आर्डर करने पर लोगों को मिल सके। इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन की एजेंसी चिप्स द्वारा फल एवं सब्जी घर बैठे ऑन लाइन आर्डर करने और फल तथा सब्जी की घर पहुंच सेवा देने के लिए एक ऑन लाइन वेब पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल का शुभारंभ आज प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा किया गया। जो फल-सब्जी वेंडर इस पोर्टल के माध्यम से सेवा देना चाहते हैं वे इस पर ऑन लाइन अपना पंजीयन कर सकते हैं। कलेक्टर द्वारा उनका अनुमोदन होते ही वे इस पोर्टल के माध्यम से आर्डर प्राप्त करना तथा घर पहुंच सेवा देना प्रारंभ कर सकते हैं। वेंडरो के लिये यह सुविधा निःशुल्क प्रदाय की जा रही है।

फल-सब्जी खरीदने के इच्छुक ग्राहक इस पोर्टल पर पंजीयन करके अपने पसंद के वेंडर को ऑन लाइन आर्डर दे सकते हैं। ग्राहको के लिए भी पंजीयन निःशुल्क है। फल एवं सब्जी का मूल्य ग्राहकों को ऑन लाइन दिखाई पड़ेगा। 150 रुपये से अधिक की खरीदी पर कोई डिलीवरी शुल्क भी नहीं लगेगा। वेबसाइट में एस.एम.एस. नोटिफिकेशन तथा आर्डर ट्रैकिंग की व्यवस्था भी की गई है।

महिला के साथ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी

बिलासपुर। 19 अप्रैल को पीड़ित महिला थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि दिनांक 18 अप्रैल को सुबह 6 बजे के आसपास पीड़िता के माता पिता काम करने खेत गये थे। पीड़िता घर में अकेली थी । दोपहर 12 बजे के आसपास प्रार्थियां अपने घर के सामने बैठी थी उसी समय आरोपी भोला उर्फ राजेश्वर पटेल साकिन सिलपहरी आया और प्रार्थिया के दाहिने हाथ को तथा सलवार को पकड़कर खीचने लगा और बीवी बनाने एवं साथ चलने की बता कहते हुए छेड़खानी करने लगा एवं गंदी-गंदी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थियां की शिकायत पर आरोपी साकिन सिलपहरी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 163/20 धारा 354 क, 294, 506 भादवि का अपराध दर्ज कर तत्काल कार्यवाही कर आरोपी की पतासाजी की जाकर आरोपी भोला उर्फ राजेश्वर पटेल को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता की शादी कटघोरा में तय हो गई थी जो आरोपी द्वारा पीड़िता के मंगेतर को जानबूझकर गलत जानकारी देकर पीड़िता की शादी को तोड़वाने का प्रयास किया गया है। जिसकी विवेचना की जा रही है।

आरोपी ने लड़की की शादी तोड़ने की दी धमकी

महाराष्ट्र में साधुओं व ड्राइवर की जघन्य हत्या, शिवसेना ने की निंदा

- आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करे सरकार: चंद्रमौली

काँकेर। शिवसेना के प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में दो साधुओं एवं उसके ड्राइवर की हुई जघन्य हत्या की कड़े शब्दों में निंदा किया है और तत्काल फास्ट ट्रैक कोर्ट में फैसला कर उन्हें फांसी देने की मांग किया हैआगे कहा है कि कुछ लोगों द्वारा महाराष्ट्र सरकार को बदनाम करने हेतु एवं उद्धव ठाकरे को बदनाम करने हेतु सोशल मीडिया में जो सरकार के विरोध में ऐसा कैंपेन चलाया जा रहा है कि जैसे कि महाराष्ट्र सरकार और उद्धव ठाकरे ने साधुओं की हत्या की है जिसका भी शिवसेना निंदा करती है जबकि महाराष्ट्र में शिवसेना की सरकार है करके ही बबीता फोगाट के विरुद्ध बयान देने वाला अयाज खान गिरफ्तार हुआ बांद्रा में भीड़ जमा करने वाला विनोद दुबे गिरफ्तार हुआ। टीवी पत्रकार जो टीवी में गलत समाचार चला रहा था वह भी गिरफ्तार हुआ।ऐसे कोई भी देश विरोधी जो देश विरोधी कार्य कर रहे हैं वे तत्काल गिरफ्तार हो रहे हैं। जबकि दिल्ली में मरकज कर देशभर में कोरोना फैलाने का आरोपी मौलाना साद दिल्ली की पुलिस जो केंद्र सरकार के अधीनस्थ है के होते हुए भी आज दिनांक तक गिरफ्तार नहीं हुआ है ऐसा क्या कारण है। क्या केंद्र की सरकार और मौलाना साद का कोई पर्दे के पीछे कनेक्शन तो नहीं है ।

लॉकडाउन की अवधि में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बाहरी लोगों को रोकने कोटवार कर रहे है निगरानी

सूरजपुर। कोविड 19 कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु लॉकडाउन की अवधि में जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में अपने सीमा से लगे क्षेत्र को बेरियर एवं नाकाबंदी कर पूर्णतः सील बंद कर दिया गया है। जिससे बाहर से आने वाले व्यक्ति गांव तक न पहुंच सके इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गांव के कोटवार को इस पर निगरानी रखने के लिए कहा गया है। कोटवार के द्वारा आमलोगो को गांव में ही रहकर कार्य करने के लिए कहा जा रहा है। सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिकोण से सभी ग्रामीणों में जागरुकता दिखाई दे रही है तथा सभी ग्रामीण गांव में ही रहकर शारीरिक दूरी बनाकर अपना कार्य कर रहे है। गौरतलब है कि यह नजारा आज उस समय देखने को मिला जब कलेक्टर श्री दीपक सोनी और जिला पंचायत सीईओ श्री अष्वनी देवांगन मनरेगा के अंतर्गत चल कार्यो का निरीक्षण करने ग्राम पंचायत डुमरिया, पसला एवं मसीरापहुंचे थे उसी दौरान ग्राम पंचायत मसीरा में कोटवार श्री बीरा लाल के द्वारा लॉकडाउन के अवधि में ग्राम पंचायत में कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रवेष न करें का बैनर लगाकर बैरियर लगाया गया है।

वनोपज खरीदी का कलेक्टर, एसपी, डीएफओ ने किया निरीक्षण

कांकेर। जिले के कलेक्टर श्री के.एल. चौहान, पुलिस अधीक्षक एम.आर. अहीरे और पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डलाधिकारी आर.सी. मेश्राम ने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा की जा रही वनोपज खरीदी कार्य का औचक निरीक्षण किया तथा वनोपज का विक्रय कर रहें ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें महिला स्व-सहायता समूहों के पास ही वनोपज को बेचने की समझाईश देते हुए कहा कि तेंदुपत्ता बोनस की भांति ही विक्रय किये गये वनोपज का भविष्य में उन्हें बोनस भी मिल सकता है।

जिले के कलेक्टर श्री चौहान और पुलिस अधीक्षक श्री अहीरे ने पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डाधिकारी आरसी. मेश्राम के साथ कापसी रेंज के आड़ाफर्शी समिति अंतर्गत ग्राम मरोड़ा में माँ लक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा वनोपज की खरीदी कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय स्व-सहायता समूह द्वारा महुआ एवं ईमली की खरीदी की जा रही थी। कलेक्टर, एसपी, डीएफओ ने यहाँ ग्रामीणों से बातचीत कर महिला स्व-सहायता समूह को ही वनोपज बेचने की समझाईश देते हुए कहा कि विक्रय किये गये वनोपज में लाभांश की राशि बोनस के रूप में प्राप्त होगा। उन्होंने वनोपज खरीदी कार्य का दीवार लेखन कराने के निर्देश भी वन विभाग के अधिकारियों को दिये, मौके पर उपस्थित उप प्रबंधक संचालक अशोक कुमार दानी एवं वनपरिक्षेत्र अधिकारी बी.के. तिवारी ने बताया कि कापसी रेंज में अब तक हर्रा, बेहड़ा, चरोटा, महुआ, कुसमी लाख, भेलवा, काजू बीज इत्यादि प्रजाति के 326 क्विंटल वनोपज की खरीदी की जा चुकी है।

मनरेगा श्रमिक दे रहे मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का संदेश

- कलेक्टर एवं मु.का.अधिकारी जि.पं. ने किया मनरेगा कार्यो का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। राज्य सरकार द्वारा लॉकडाउन अवधि में प्रभावित मेहनतकश मजदूरों को मनरेगा के तहत तमाम सुरक्षा मानको के पालन करते हुए मजदूरी कार्यो को करनें की अनुमति उपरांत आज सुबह करीब सात बजे कलेक्टर श्री दीपक सोनी के साथ सीईओ जिला पंचायत अष्वनी देवांगन नें ग्राम पंचायत डुमरिया, पसला एवं भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मसीरा का दौरा कर मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया तथा अन्य विकास कार्यो का जायजा लिया।

इस दौरान कलेक्टर ने डूमरिया में नवीन तालाब एवं पसला में तालाब गहरीकरण का निरीक्षण करते हुए,तालाब के लिए स्वीकृत राशि तथा मानव दिवस की जानकारी हितग्राही से लेकर गांव में ही डबरी में पानी की इनलेट व आउटलेट लोकेषन की जानकारी लेकर कार्यरत मजदूरों के बीच पहुंचकर उन्होंने मुलाकात कर भुगतान राशि, कोरोना वायरस के संक्रमण व प्रभाव से संबंधित सुरक्षा मानको के प्रति मजदूरों से चर्चा कर गतिविधियों से अवगत हुए। इसके अलावा मजदूरों को कार्यस्थल पर सभी सुविधाओं के साथ साथ सुरक्षा मानकों के प्रति लगातार जागरूकता लाने के लिए रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक को दुरुस्त होकर कार्य करने के निर्देष दिया है। इसके अलावा कलेक्टर श्री सोनी ने मनरेगा सहायक परियोजना अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी को नियमित रुप से कार्यो की निगरानी करने हेतु निर्देष दिया है। इस निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत डुमरिया में 230 श्रमिक एवं पसला में 194 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। इन श्रमिकों सें चर्चा करनें के दौरान कलेक्टर श्री सोनी बताया कि वर्तमान में मजदूरी राशि अब प्रति दिवस 190 रुपये की दर से भुगतान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव व सुरक्षा के लिए सभी श्रमिकों को कार्यस्थल पर ही मास्क वितरण कर जागरुक किया तथा मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों में फिजीकल डिस्टेंसिन्ग का विशेष ध्यान रखने के साथ ही मुंह और नाक को मास्क, गमछा से अच्छे से ढंकने और हाथों को कार्य शुरु करने के पूर्व व कार्य करने के बाद बार-बार साबुन से धोने के संबंध मे मजदूरों को बताया एवं व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों में गुणवत्ता की उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपको बताते चलें की जिले के 362 ग्राम पंचायतों में 1465 मनरेगा कार्य संचालित हैं। जिसमें 33392 श्रमिको को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

न्यूज गैलरी

गायत्री कंपनी एवं व्यापारी सदस्यों ने सहायता कोष में दिया एक लाख रूपये का योगदान

रायपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए घोषित लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए गायत्री ट्रेडिंग कंपनी एवं रायपुर के अन्य व्यापारी सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में 1 लाख रूपए की सहयोग राशि प्रदान की गई है। ज्ञातव्य है कि संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर समाज के हर वर्ग द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में लगातार योगदान दिया जा रहा है।

डॉ. एमएम तिवारी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दी एक लाख रूपए की सहयोग राशि

रायपुर। कोरोना महामारी से सुरक्षा हो सके इसके लिए शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ महाविद्यालय रायपुर के भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एम. एम. तिवारी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में एक लाख रूपए का योगदान दिया है। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव व रोकथाम तथा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए यह राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करायी गयी है।

तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा को मारी टक्कर, एक घायल

रायपुर। लाकडाउन के दौरान तेज रफ्तार कार द्वारा बाइक सवार को जमकर टक्कर मारने की जानकारी डीडी नगर थाने से प्राप्त हुई है। क्रेटा कार क्रमांक सीजी 04 -एमएन 6611 के चालक द्वारा कुशालपुर चौक के पास वेदप्रकाश सिंह 33 वर्ष पिता भानुप्रकाश सिंह निवासी सुरभि चौक सुंदर नगर रायपुर को खड़ी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केटी 7287 एवं बाइक क्रमांक सीजी एलई 1388 को जबरिया टक्कर मारकर दोनों वाहनों को क्षतिग्रस्त किया।

घर के सामने खड़ी बाइक पार, मामला दर्ज

रायपुर (नवप्रदेश)। डीडी नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार अशोक मिश्रा आयु 54 वर्ष पिता आरसी मिश्रा निवासी जे-6 कृष्णा नगर डंगनिया स्थित आवास के सामने से अज्ञात चोर द्वारा बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएन 2244 कीमत 70 हजार रुपये चोरी कर ले गया। उक्त मामले में डीडी नगर थाने ने अज्ञात चोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

पूर्व मंत्री की राशन सामग्री बांट रहे कार्यकर्ता : मैशेरी

रायपुर । कोरोना संकट काल और लॉकडाउन के बीच भारतीय जनता युवा मोर्चा के अमित मैशेरी भाजपा नेता राजेश मूणत के माध्यम से रोजाना कच्चा अनाज व राशन सामाग्री जरूरतमंदों में बांट रहे है। अमित रोजाना भिन्न-भिन्न वार्डों में पहुंचकर राशन सामाग्री वितरित कर रहे है। इतना ही नहीं अमित भाजपा द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई में भी अपनी सेवा दे रहे है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन के आदेश के बाद से भोजन पैकेट प्रशासन जरूरतमंदों तक पहुंचा रही है।

कोई भूखा न रहे ध्यान रखती हैं फूड चैन की कड़ियां

ढाई लाख लोगों तक दो टाइम का खाना पहुंचाया नियमित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन की चाह अनुसार लॉकडाउन की परिस्थितियों में कोई इंसान भूखा ना रहे , ऐसी फूड चैन रायपुर के सभी सामाजिक संगठनों के साथ रायपुर जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मिलकर बना दी है। 25 मार्च से रविवार तक शहर के ढाई लाख लोगों तक दोनों टाइम का खाना नियमित पहुंचा है। इस सेल के संचालन के लिए जिला प्रशासन ने रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के दफ्तर को चुना। एमडी सौरभ कुमार ने हाईटेक

सुविधाओं के साथ जरुरतमंदों के लिए अपने दफ्तर के सारे दरवाजे खोल दिए। बूढ़ातालाब स्थित इस दफ्तर से ही रायपुर जिले का आपातकालीन खान-पान सेवा केंद्र 24 घंटे काम कर रहा है। इस कंट्रोल सेल को संभालने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं रायपुर जिला पंचायत के सीईओ डॉ. गौरव कुमार सिंह।

कड़ी से कड़ी जुड़ते गई

जानकारी मिलते ही निकलती है डिलीवरी पॉइंट टीम

डिलीवरी पॉइंट टीम तुरंत 8 स्थानों पर खड़े अपने स्पेशल वाहनों पर नियुक्त सदस्यों को इसकी सूचना देती है। ये वाहन उन स्थानों के आस-पास होते हैं, जहां सर्वाधिक जरुरतमंद या सामाजिक संगठन के भोजन तैयार करने के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। इन वाहनों में तैनात एनजीओ के सदस्यों को जैसे ही जरुरतमंदों की जानकारी मिलती है वे तयशुदा रूट पर अपनी गाड़ियां जल्द से जल्द जरुरतमंद के घर तक पहुंचने के लिए दौड़ा देते हैं। हर पॉइंट से भोजन डिलीवरी का अपडेट कंट्रोल रूम को करने का काम भी यही टीम करती है।

फिर निकलती है रैपिड रिस्पांस टीम

दोनों टाइम खाने की संपूर्ण व्यवस्था को पूरा करने के बाद जब सभी टीमें वापस लौटती हैं, तो फिर जिला प्रशासन की स्पेशल टास्क के लिए बनी रैपिड रिस्पांस टीम 50 लोगों का भोजन लेकर पूरे शहर की परिक्रमा में निकलती है। राह चलते या सड़क पर गुजरते लोगों को रोककर घरों पर रहने की अपील करते हुए भोजन की जरूरतों की जानकारी लेती है। यदि इसके बाद भी जरुरतमंद मिलते हैं, तो देर रात तक भोजन उपलब्ध कराने का काम भी यह स्पेशल टीम करती है। इस टीम में 16 सदस्य तैनात रहते हैं।

इस फूड कंट्रोल रूम में कई कड़ियां हैं, जो एक-दूसरे से जुड़कर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। जी हां, फूड कंट्रोल रूम के दरवाजे 24 घंटे खुले रहते हैं और बजती फोन की घंटियों को उठाने के लिए देर रात तक ड्यूटी ऑफिसर और ग्रीन आर्मी व खालसा रिलीफ फाउंडेशन के सदस्य हर समय मुस्तैद रहते हैं। प्रशासन ने नागरिकों की जरुरतों की जानकारियां लेने के लिए दो हेल्पलाइन 0771-4320202 और 4055574 जारी किए हैं। एक आईटीएमएस के वॉर रूम से संचालित है और दूसरा फूड कंट्रोल सेल से। आईटीएमएस वॉर रूम से संचालित नंबर पर आने वाली सभी कॉल्स की जानकारी ऑनलाइन साइट में अपलोड कर दी जाती है।

बिना मास्क और बेवजह घूम रहे लोगों पर पुलिस ने दर्ज किए मामले

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस की महामारी को रोकने के लिए राज्य शासन द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। बावजूद इसके कुछ लापरवाह लोग ऐसे भी है जो जिला कलेक्टर द्वारा लागू धारा 144 का उल्लंघन कर लाकडाउन की अवधि में बिना मास्क लगाए बेवजह घूमकर लाकडाउन तोड़ रहे हैं।

सिविल लाइन थाने से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद नवाब आयु 38 वर्ष पिता मोहम्मद रईस खान निवासी ताजनगर पंडरी द्वारा बिना मास्क लगाये धारा 144 का उल्लंघन कर खुलेआम भीड़ लगाकर मुर्गी बेच रहा था। उक्त मामले में सिविल लाइन थाने ने आरोपी के खिलाफ

आईपीसी की धारा 188 एवं 269 के तहत मामला कायम किया। वहीं सरस्वती नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र सिन्हा आयु 23 वर्ष पिता मानिक सिन्हा निवासी बड़ा भवानी नगर कोटा सरस्वती नगर में बिना मास्क लगाये बेवजह घूमकर धारा 144 का उल्लंघन किया। उक्त मामले में सरस्वती नगर थाने ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला कायम किया है। विधानसभा चौकी से मिली जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर कौशल आयु 26 वर्ष पिता गोपाल कौशल निवासी भाठापारा फाफाडीह गंज द्वारा एकता चौक सड्डू विधानसभा रोड में बिना मास्क लगाए बेवजह घूमते पाया गया। उक्त मामले में थाने ने आईपीसी की धारा 188 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला कायम किया है। उरला थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजू साव आयु 21 वर्ष पिता बदन साव निवासी राजेंद्र नगर उरला द्वारा धारा 144 का उल्लंघन कर बेवजह बिना मास्क पहने घूम रहा था। उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ उरला थाने ने आईपीसी की धारा 188 एवं छत्तीसगढ़ प.हे. अधिनियम 71/1 एवं आईपीसी की धारा 188 एवं 269 के तहत मामला कायम किया है।

ज्ञातव्य है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को बचाने के लिए राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मास्क लगाकर घर से बाहर निकलना अनिवार्य किया गया है। बिना मास्क वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ ही जेल भेजने का प्रावधान भी अधिनियम में दिया गया है। इसके बाद भी रोज सुबह एवं शाम बड़ी संख्या में लोग सैर के बहाने बिना मास्क लगाए शहर के आबादी के लिए खतरा बनकर घूम रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा अनेकों बार समझाइश के बाद भी पढ़े लिखे लोगों द्वारा धारा 144 का उल्लंघन एवं बिना मास्क पहने बाहर निकलना कोरोना के संक्रमण को आमंत्रित करना है।

शिक्षा विभाग के लगातार बन रहे ऐप और वेबसाइटों पर चन्द्राकर ने उठाए सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अजय चन्द्राकर ने राज्य में ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा लगातार बनवाए जा रहे ऐप और वेबसाइटों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग पैसा कमाने वाली प्रयोगशाला बन गया है। चन्द्राकर ने सोशल मीडिया पर सोमवार को यह आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में आनलाइन शिक्षा देने के लिए महज कुछ ही महीनों में दीक्षा

ऐप/वेबसाइट,सीजी स्कूल डाट इन वेबसाइट फिर अब तुंहर दुआर वेबसाइट शिक्षा विभाग ने लांच किया है। उन्होंने कहा कि जब सभी का उद्देश्य आनलाइन शिक्षा देना है,तो एक ही उद्देश्य के लिए तीन तीन वेबसाइट एवं ऐप की जरूरत क्यों पड़ रही है। उन्होंने इन एंप एवं वेबसाइटों से लाभान्वित हो रहे छात्रों एवं शिक्षकों की संख्या और इनके बनाने में हुए खर्च के बारे में राज्य सरकार से जानकारी सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

युवती के घर जबरिया घुसकर किया बेइज्जत, मामला दर्ज

रायपुर। शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा लाकडाउन के दौरान भी अश्लील हरकतें जारी है। सेजबहार थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रशांत तिवारी निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी खिलोरा मुजगहन रायपुर द्वारा अपने घर में 20 वर्षीया पीड़िता द्वारा घर के आंगन में सेल्फी के लिए फोटो खीज रही थी। जिसे बाहर से देखकर आरोपी जबर्दस्ती पीड़िता के घर में घुसा। उसका हाथ पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकत किया। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर जाति सूचक गाली देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। साथ ही पीडिता की जमकर पिटाई की। उक्त मामले में सेजबहार थाने ने आरोपी प्रशांत तिवारी के खिलाफ एसटीएससी एक्ट 3-1 बी 1 -3 -1 बी 2 एवं आईपीसी की धारा 341, 342, 294, 506, 323, 354, 354 घ एवं 452 के तहत मामला कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

कोरोना: मंत्री भेंड़िया से केन्द्रीय मंत्री देबश्री ने छत्तीसगढ़ की स्थिति पर टेलीफोन से की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया से आज केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सुश्री देबश्री चौधुरी ने टेलीफोन कर छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की स्थिति और रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में चर्चा की। श्रीमती भेंड़िया ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कोरोना संकट से निपटने सभी आवश्यक कदम समय पर उठाए गए हैं। इससे प्रदेश में संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है। श्रीमती भेंड़िया ने केन्द्रीय राज्य मंत्री से संकट की घड़ी में पूरे समर्पण के साथ दिन-रात काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए केन्द्र से प्रोत्साहन राशि देने की मांग रखी। श्रीमती भेंड़िया ने प्रदेश में ओलावृष्टि से रबी फसल को हुए नुकसान को देखते हुए किसानों को भी केन्द्र से क्षतिपूर्ति राशि देने के लिए कहा। उन्होंने छत्तीसगढ़ में जरूरतमंदों की मदद और विकास के लिए केन्द्र से आर्थिक सहायता राशि देने की भी मांग रखी।

मंत्री भेंड़िया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रोत्साहन राशि और किसानों के लिए राहत राशि की रखी मांग

श्रीमती भेंड़िया ने सुश्री देबश्री को बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन के दौरान सभी आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ियों बंद कर दिए गए हैं। इस दौरान महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं घर-घर जाकर रेडी-टू-ईट और पूरक पोषण आहार का वितरण कर रही हैं। लॉकडाउन के दौरान सभी 24.38 लाख हितग्राहियों को रेडी-टू-ईट और मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत 3.34 लाख हितग्राहियों तक सूखा राशन पहुंचाया गया है।

फल, सब्जी, दूध ऑनलाइन,150 रुपए से अधिक की खरीदी पर नहीं लगेगा डिलेवरी शुल्क

रायपुर । कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन ने कोरोना वायरस के संक्रमण और आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पोर्टल के माध्यम से फल, सब्जी, दुध और दुग्ध उत्पाद की घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की है। कोई भी क्रेता और विक्रेता ऑनलाइन वेबसाइट पर जाकर खरीदी बिक्री कर सकता है। इस सम्बन्ध में रविवार को चिप्प के कार्यालय में विक्रेताओं की प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने बैठक ली। उन्होंने बताया कि फल-सब्जी,दुध और दुग्ध उत्पाद के वेंडर जो इस पोर्टल के माध्यम से सेवा देना चाहते हैं, वे इस पर ऑनलाइन अपना पंजीयन कर सकते हैं। कलेक्टर से उनका अनुमोदन होते ही वे इस पोर्टल के माध्यम से आर्डर प्राप्त करना और घर पहुंच सेवा देना प्रारंभ कर सकते हैं। वेडरों के लिए यह सुविधा निःशुल्क प्रदाय की जा रही है।

समूह की महिलाएं बना रही ईको फ्रेंडली मास्क

रायपुर(नवप्रदेश)। कोरोना वायरस के संक्रमण और विश्वव्यापी महामारी से निपटने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशन में जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में लोगो को किफायती दर पर गुणवत्ता युक्त मास्क उपलब्ध कराने हेतु जिले के सभी सात विकासखण्डों में करीब 25 स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्थानीय सामग्री की मदद से थ्री लेयर कपड़े के मास्क तैयार किया जा रहा है। अब तक करीब 1300 मास्क तैयार किया जा चुका है और इन्हें स्थानीय स्तर पर 15 से 17 रुपये में बिक्री किया जा रहा है। 24 मार्च तक 5000 मास्क तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। मास्क तैयार करने में अम्बिकापुर विकासखंड के एकता, संतोषी, साईबाबा स्व-सहायता समूह, लखनपुर विकासखण्ड के आरती, नारी शक्ति, गायत्री स्व-सहायता समूह, उदयपुर विकास खंड के दुर्गा स्व सहायता समूह, मैनपाट विकास खंड के जय माँ बूढ़ी दाई स्व सहायता समूह लुण्ड्रा विकासखंड के प्रीति, तारा स्व सहायता समूह सहित विकासखंड बतौली और सीतापुर के करीब 25 स्व सहायता समूह की महिलाएं शामिल है।

कोरोना संकट में बीसी सखियों ने उठाया घर पहुंच बैंकिंग सुविधा का बीड़ा

लॉकडाउन अवधि में ही 2 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/सरगुजा। देशभर में कोरोना संक्रमण के प्रसार के रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण लोग घर में रहने मजबूर है। इस परिस्थिति में बैंकिंग कॉरस्पॉन्डन्स बीसी सखियों के द्वारा ग्रामीणों के घर पहुंचकर पेंशन, मजदूरी भुगतान सहित अन्य बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। संकट के समय ग्रामीणों को बीसी सखी के रूप में सबसे बड़ा मददगार मिल गया है। अपने पारा-मोहल्लों में पेंशन और मजदूरी की राशि मिलने से ग्रामीण खुश हैं। लॉकडाउन अवधि में ही 55 बीसी सखियों के द्वारा 2 करोड़ 25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। वही साल भर हुए शुरुआत से लेकर अब तक करीब 48 करोड़ रुपये का पेंशन और मजदूरी भुगतान किया गया है। बीसी सखी लोगो को पेंशन मजदूरी भुगतान कर कोरोना संकट में अपनी योगदान देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बीसी सखियां के द्वारा मनरेगा मजदूरी, किसान सम्मान निधि योजना तथा सभी प्रकार के पेंशनों का वितरण किया जा रहा है।

सरगुजा जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में करीब एक वर्ष पूर्व बीसी सखी की शुरुआत किया गया। वर्तमान में 70 से अधिक बीसी सखी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय है। बीसी सखी ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा देने लैपटॉप, स्वाइप मशीन एवं पॉश मशीन का उपयोग करती है। बैंक द्वारा भुगतान का लिमिट भी तय किया गया है। बीसी सखियों को भुगतान के एवज में बैंक कमीशन देता है। कमीशन के रूप में उन्हें प्रति माह 4 से 5 हजार रुपये मिल जाते हैं।

राहत सामग्री देशव्यापी लॉकडाउन के बीच एनएमडीसी ने छात्र-छात्राओं सहित जरूरत मंदों को पहुंचाई राहत सामग्री

लॉकडाउन के दौरान कॉलेज छात्रों को खाद्यान्न और जरूरी सहायता मिली

किरन्दुल/बचेली। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लॉकडाउन के दौरान किसी भी व्यक्ति को भोजन, खाद्यान्न और रोजमर्रा की जरूरी चीजों का अभाव नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा जरूरतमन्द लोगों को सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कर्मचारी संगठनों तथा अन्य दानदाताओं के सहयोग से राशन तथा अन्य खाद्य सामग्री निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने इस दिशा में जिला स्तरीय खाद्यान्न बैंक स्थापित किया है।इसके साथ ही एनएमडीसी बचेली और

किरन्दुल परियोजना द्वारा भी जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर निर्धन, जरूरतमन्द लोगों को खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी खाद्य सामग्री प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनएमडीसी बचेली परियोजना द्वारा शासकीय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज दन्तेवाड़ा के 15 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क राशन तथा अन्य खाद्य सामग्री प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा और सीईओ जिला पंचायत श्री सच्चिदानंद आलोक सहित उप महाप्रबंधक बचेली श्री सुनील उपाध्याय ने इन छात्र-छात्राओं से रूबरू होकर उनकी दिक्कतों के बारे में पूछा और संकट की घड़ी में हरसंभव मदद देने के लिए इन छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया। वहीं उन्हें धैर्य के साथ लॉक डाउन का पालन करने सहित अपने बीच में सोशल डिस्टेंस बनाकर रखने एवं मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की समझाईश दी।

एनएमडीसी बचेली द्वारा उक्त छात्र-छात्राओं को एक क्विंटल चावल,25 किलोग्राम दाल,25 किलोग्राम शक्कर,30 किलोग्राम आटा,100 नग नहाने का साबुन, 100 नग कपड़ा धोने का साबुन,30 पैकेट बिस्किट और पच्चीस-पच्चीस पैकेट हल्दी, मिर्च, धनिया, मसाला प्रदान किया गया। इस दौरान बीकॉम फाइनल ईयर में अध्ययनरत रायपुर निवासी प्रियंका प्रधान, एमएससी बॉटनी फाइनल ईयर में पढ़ने वाले चारामा निवासी दीपक कुमार एवं धमतरी निवासी संतकुमार,बीए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत रायगढ़ निवासी पूनम चन्दसेना, एमए राजनीतिशास्त्र फाइनल ईयर में पढ़ने वाले बीजापुर निवासी कृष्णा झाड़ी एवं केशकाल निवासी रुपेन्द्र संघोरिया, एमएससी केमेस्ट्री फाइनल ईयर में अध्ययनरत भोपालपटनम निवासी केजी महेन्द्र ने बताया कि वे सभी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और इस बीच लॉक डाउन घोषित होने के कारण अपने घर नहीं जा पाये।

दैनिक नव प्रदेश

अभिव्यक्ति

बिलासपुर, मंगलवार, 21 अप्रैल 2020

संपादकीय

महाराष्ट्र में शर्मनाक घटना

महाराष्ट्र के पालघर में हिंसक भीड़ ने दो साधुओं और उनके कार चालक की पीट पीट कर जघन्य हत्या कर दी। इस बीच वहां पुलिस भी मौजूद थी लेकिन पुलिस कर्मचारी भी इस मॉब लिंचिग को नहीं रोक पाए। वो दोनों साधु कार से अपने एक धर्मगुरू की अंत्योष्टी में शामिल होने जा रहे थे। जिनकी कार को पुलिस ने रोका और इसी बीच सौकड़ो की संख्या में ग्रामीण हाथों में लाठी लेकर वहां पहुंच गए। जिन्होने देखते ही देखते उन दोनों साधुओं की और उनके कार चालक की पीट पीट कर हत्या कर दी। इस घटना की वजह यह बताई जा रही है कि उस गांव में बच्चा चोर आने की अफवाह उड़ी थी और इसी अफवाह के कारण उग्र लोगों की भीड़ ने दो साधुओं सहित तीन लोगों को मार डाला। पुलिस ने लगभग सौ लोगों को इस हत्या के जुर्म में गिरफ्तार किया है जिसमें कई नाबालिग है। इस घटना को लेकर संत समाज में भारी रोष व्याप्त हो गया है और संतों ने हत्यारों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस घटना को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ बात की है। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी बच्चा चोर की अफवाह ग्रामीण क्षेत्रों में फैलती रही है और इसके चलते कई लोग मॉब लिंचिग का शिकार बनते रहे है। वाकई अफवाह के पर नहीं होते लेकिन वह तेजी से उड़ती है। ज्यादातर अनपढ़ या कम पढ़े लिखे लोग ऐसी अफवाहों को सच मान लेते है और इस तरह की हृदय विदारक घटनाओं को अंजाम देते है, सोशल मीडिया के माध्यम से भी ऐसी अफवाहों को फैलाया जाता है। पुलिस अक्सर ऐसी अफवाहों का खंडन करते हुए लोगों को समझाईश देती रहती है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें लेकिन लोग समझने को तैयार ही नहीं है। रही बात महाराष्ट्र में हुई मॉब लिंचिग की इस दिल दहलाने वाली घटना की तो इसके लिए वे पुलिस कर्मचारी भी कम जिम्मेदार नहीं है जिनकी आखों के सामने मॉब लिंचिग होती रही और वे मूकदर्शक बन कर तमाश देखते रहे। ऐसे पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यावाही होनी चाहिए। इस घटना के लिए जितने लोग भी दोषी है उन सब की तत्काल गिरफ्तारी हो और इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाए तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट में यह मामला चलाया जाए ताकि जल्द से जल्द उन हैवानों को सख्त से सख्त सजा मिले ताकि मॉब लिंचिग करने वाले जाहिलों को सबक मिल सकें।

विचार

कोरोना: हार की शुरुआत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कोरोना पर भारत ने जैसी लगाम लगाई है, वह सारी दुनिया के लिए आश्चर्य और ईर्ष्या का विषय हो सकता है। सारी दुनिया में इस महामारी से लगभग डेढ़ लाख लोग मर चुके हैं और 22 लाख से ज्यादा संक्रमित हो चुके हैं। जिन देशों में हताहतों की संख्या भारत से कई गुना ज्यादा है, उनकी जनसंख्या भारत के मुकाबले बहुत कम है। यदि वे देश भारत के बराबर बड़े होते तो हताहतों की यह संख्या उन देशों में भारत से कई सौ गुना ज्यादा हो जाती। आज तक भारत में मृतकों की संख्या लगभग 450 है और संक्रमितों की संख्या 15 हजार से भी कम है। 80 प्रतिशत से अधिक लोग ठीक हो चुके हैं। यदि जमाते-तबलीग की मूर्खता नहीं होती तो अभी तक तो तालाबंदी कभी की उठ गई होती। अब भी पता नहीं क्यों, हमारे कुछ मुसलमान भाई अफ्वाहों और गलतफहमियों के शिकार हो रहे हैं। कोरोना तो उनको मार ही रहा है, वे भी खुद को मौत के कुंए में ढकेल रहे हैं। हमारे नेता लोग उनसे सीधा संवाद क्यों नहीं करते ? लगभग साढ़े तीन सौ जिलों में तो एक भी संक्रमित रोगी नहीं मिला है। कुछ दर्जन जिले जिनमें मुंबई, दिल्ली, इंदौर जैसे जिले शामिल हैं, उनमें ठीक समय पर कार्रवाई हो जाती तो भारत सारी दुनिया के लिए आदर्श राष्ट्र बन जाता। यह तब होता जबकि भारत संपन्न राष्ट्र नहीं है। उसकी स्वास्थ्य सेवाएं इटली, फ्रांस और अमेरिका के मुकाबले बहुत कमजोर हैं। उसमें साफ-सफाई की भी कमी है। इसके बावजूद भारत में यह कोरोना वायरस क्यों मात खा रहा है ? इसका मूल श्रेय भारत की जनता और हमारी सरकारों को है। केंद्र और राज्यों की सरकारों ने जो तालाबंदी घोषित की है, उसका लोग जी-जान से पालन कर रहे हैं। कुछ जमातियों द्वारा फैलाई जा रही अफ्वाहों को छोड़ दें तो सभी मज़हबों, सभी जातियों, सभी वर्गों, सभी प्रांतों और सभी दलों के लोग एकजुट होकर कोरोना का मुकाबला कर रहे हैं। अब कोरोना के जांच यंत्र लाखों की संख्या में भारत में आ चुके हैं। हमारे डाक्टर और नर्सें जिस वीरता और त्याग का परिचय दे रहे हैं, वह सारी दुनिया के लिए आदर्श है। किस देश में मरीज उन पर हमला कर रहे हैं ? भारत की कुनैन की दवाई अब दुनिया के 55 देशों में पहुंच गई है। अब शीघ्र ही भारत सरकार किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के लिए समुचित सुविधाएं मुहय्या करनेवाली है। रिजर्व बैंक ने देश के काम-धंधों में जान फूंकने के लिए 50 हजार करोड़ रु. की राशि की घोषणा की है। जाहिर है कि कोरोना की हार की शुरुआत हो चुकी है।

कोविड-19 संकट से संघर्ष पूर्वोपाय, रोकथाम और निवारण एक वृतांत

अमिताभ कांत

प्रतिबंधों में ढील के बावजूद, सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि प्रत्येक नागरिक द्वारा कोरोना वायरस के खिलाफइस संघर्ष को आत्म-अनुशासन, मास्क पहनने और सामाजिक दूरी बनाए रखने के माध्यम से जारी रखना होगा। इस लड़ाई मे प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण उपकरण है। भारत के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा गुणवत्ता, गोपनीयता, सुरक्षा और स्केलेबिलिटी के साथ निर्मित एक अनूठा ऐप आरोग्य सेतु के माध्यम से संपर्क ट्रेसिंग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। यह अपने लॉन्च होने के 15 दिनों के भीतर आश्चर्यजनक रूप से 60 मिलियन उपयोगकर्ताओं तक पहुँच गया है और एक अज्ञात शत्रु के खिलाफ हमारे संघर्ष में इसने अत्यधिक मूल्यवर्धन किया है। जीवन बचाने के मामले में भारत पहले ही अपनी सफलता साबित कर चुका है। प्रति मिलियन जनसंख्या पर केवल 0.4 कोविड से संबंधित मृत्यु के साथ, भारत स्पेन, यूके,यूएसए और यहाँ तक कि जर्मनी जैसे उन्नत देशों से बहुत आगे है।

जैसे-जैसे कोविड-19 महाद्वीपों में फैल रहा है, हमें विश्व की मानव दशा की दुर्बलता की याद दिला रहा है और विश्व, हेडलाइट्स से रूक गए एक हिरण की भांति समय के साथ स्थिर हो गया है। हम ऐतिहासिक महामारियों और बाइबिल काल की विपत्तियों के बारे में सुनते हैं किन्तु आधुनिक सभ्यता के लिए शायद ही कभी कोई ऐसी चुनौती रही हो, जिसने जीवन में ठहराव ला दिया हो। कोरोना वायरस ने जीवन और आजीविका दोनों पर विराम लगा दिया है। 23 लाख से अधिक सक्रिय मामलों और 1.6 लाख मौतों के साथ इस महामारी ने सौ देशों से अधिक और दुनिया की एक-तिहाई आबादी को लॉकडाउन कर दिया है। किन्तु, ये उपाए अपने स्वयं के प्रभाव के बगैर नहीं हैं। अर्थशास्त्रियों ने पहले से ही चेतावनी दी है कि अर्थव्यवस्था को होने वाली क्षति 1930 के दशक की महामंदी के समान ही अथवा उससे भी अधिक हो सकती है।

भारत, जहां छठी मानवता बसती है और दुनिया में एक विशालतम कामकाजी आबादी में से से एक - कोरोना के साथ कैसे संघर्ष करेगा से भविष्य का निर्धारण होगा। जहां पश्चिम के नीति विशेषज्ञ महामारी के पश्चात विश्व की एक गंभीर तस्वीर पेश कर रहे हैं, वहीं भारत पहले से ही सुधार और मुक्ति का रास्ता निकाल रहा है। महामारी को लेकर हमारी नीतिगत प्रतिक्रियाएं छिन्न-भिन्न रही हैं। महामारी जिस प्रकार बढ़ रही है, उस तरीके से, भारत की नीति पूर्वोपाय से रोकथाम और अब निवारण के लिए विकसित हुई है। सर्वप्रथम, भारत कोरोना वायरस के प्रसार पर रोक लगाने के लिए यात्रा एडवाइजरी जारी करने से लेकर हवाई अड्डों पर विदेशी यात्रियों की तापमान जांचने, संगरोध (क्वारंटाईन) केंद्र स्थापित करने, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू यात्रा पर सर्वप्रथम प्रतिबंध लगाने वाले देशों में एक रहा और अपेक्षित सावधानी बरतने में शीघ्रता दिखाई। इन उपायों ने भारत के कोरोना वायरस केस काउंट को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वास्तव में, सर्वप्रथम सूचित किए गए मामले के 46 दिन बाद, इटली के दैनिक कोरोना मामलों की संख्या भारत के मामलों की तुलना में एक हजार गुना अधिक थी। इसी तरह, भारत और संयुक्त राज्य अमरीका में सर्वप्रथम सूचित किए गए मामले में समान रूप से सूचित किए गए मामलों के 40 दिन बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका में दैनिक मामलों की संख्या भारत के दो सप्ताह के मामलों की तुलना में 25 गुना अधिक थी। भारत में दैनिक और संचयी मामलों की वृद्धि दर लगातार रैखिक, निम्न तथा गैर-घातांकीय रही है।

दूसरा, भारत ने महामारी के प्रसार को रोकने के लिए 1.3 बिलियन से अधिक लोगों के पूर्ण लॉकडाउन को लागू करके सबसे साहसिक उपायों में से एक को अपनाया। यह कदम न केवल समय पर था क्योंकि इसे चीन, यूनाइटेड किंगडम, स्पेन आदि जैसे अन्य देशों की तुलना में शीघ्र ही लागू किया गया था। इससे लगभग 150 गुना कम संक्रमित लोगों की संख्या का अनुमान है। भारत का तीन सप्ताह का लॉकडाउन पहले से ही महामारी में कमी के परिणाम दिखा रहा है। परिणामस्वरूप, मामलों की वृद्धि दर में 40 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। राष्ट्रीय स्तर पर जहां लॉकडाउन से 3 दिन पूर्व के दोहरा होने के मामले अब गिरकर 6.2 दिन हो गए हैं, जबकि 19 राज्यों और संघ राज्य क्षेंत्रों ने औसतन-दोहरी दरों की अपेक्षा बेहतर प्रगति का प्रदर्शन किया है। भारत का संघीय ढांचा प्रधानमंत्री और राज्य के नेतृत्व के मध्य निरंतर बातचीत तथा निरंतर परामर्श से प्रेरित सहकारी भागीदारी के लिए एक मॉडल है।

तीसरा, 3 मई तक लॉकडाउन के विस्तार सहित सरकार का ध्यान सटीक नीति, हॉटस्पॉट की मैपिंग पर है और अर्थव्यवस्था की गाड़ी को तेज करने की दिशा में अग्रसर है। जहां लॉकडाउन का पहला चरण जीवन बचाने पर केंद्रित है, वहीं विस्तारित लॉकडाउन अवधि का मुख्य उद्देश्य जीवन और आजीविका, विशेष रूप से ग्रामीण भारत के संदर्भ में जहां प्रत्येक चरण का अर्थ एक-दूसरे से है, के बीच संतुलन लाना है। 20 अप्रैल के बाद से श्रेणीबद्ध प्रतिबंध हटाने के साथ ही, हाल ही के दिशानिर्देश जिलों और राज्यों को अपनी पुनर्बहाली प्रक्षेपपत्र से बाहर आने के लिए स्वायत्तता प्रदान करेंगे। वास्तव में, यह सबसे अधिक प्रभावित गरीब और प्रवासी कामगारों के लिए आर्थिक संकट को कम करने के लिए, सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति को इंगित करता है। भारत सरकार ने 320मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में लगभग 4बिलियन अमरीकी डॉलर की वित्तीय सहायता पहले ही संवितरित कर दी है। कोर आर्थिक गतिविधियों के रूप में पुनः प्रारंभ करने वाले राज्यों के साथ नवीनतम दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है जिसे हम ट्रैफिक लाइट दृष्टिकोण कहते हैं। देश में क्षेत्रों को ट्रैफिक लाइट के रेड, ऑरेंज और ग्रीन रंगों, जो कोरोना वायरस मामलों की घटनाओं पर निर्भर करेगा, में सीमांकित किया जाएगा। रेड जोन या कोविड-19 हॉटस्पाट्स में जगह-जगह सख्त लॉकडाउन होता रहेगा जबकि ऑरेंज जोन (कुछ मामलों सहित) तथा ग्रीन जोन (बिना किसी मामले के) पर प्रतिबंधों में ज्यादा छूट दी जाएगी। अब तक, भारत के 718 जिलों में से 170 जिले हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किए गए हैं। औसतन, प्रत्येक राज्य में दस में से सात मामले सिर्फतीन राज्यों से सामने आये हैं। इसके अलावा, भारत में दो जिलों में से एक में कोविड-19 मामले की कोई सूचना नहीं है और इसलिए वहां अर्थव्यवस्था पुनः प्रारंभ की जा सकती है।

ये दिशा-निर्देश प्राथमिक और कृषि आधारित उद्योगों के पूरे इकोसिस्टम तंत्र को उत्पादन की ओर बढ़ने की अनुमति देते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि गर्मियों की फसलों (चावल, दालें, मोटे अनाज और तेलहन सहित) के कुल क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में 11.64 लाख हेक्टेयर की वृद्धि दर्ज की गई है। देश आने वाले महीनों में बंपर फसल के उत्पादन की ओर भी बढ़ रहा है। एक सक्रिय राजनीतिक नेतृत्व, कुशल नौकरशाही और सहयोगी जनता के बीच समन्वय के कारण जीवन की सामान्य स्थिति वापस आ रही है। हमारे पास समस्त मंत्रालयों के दिशानिर्देश हैं जो एक के बाद एक तीव्रता से जारी किए जा रहे हैं ताकि आपूर्ति श्रृंखला की अड़चनों को दूर किया जाए और गैर-हॉटस्पॉट क्षेत्रों के लाभार्थी मुख्य रूप से किसान तथा छोटे और मध्यम उद्यमी अपनी आर्थिक गतिविधियां शुरू करें।

लॉकडाउन की शुरुआत से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत लगभग 16,000 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं, जिससे 8.31 करोड़ किसान परिवारों को लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएम-जीकेवाई) के तहत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को डिलीवरी हेतु लगभग चार हजार मीट्रिक टन दाल भेजी गयी है। ईएनएएम प्लेटफॉर्म को बड़े परिवहन एग्रीगेटरों के लिए एक इंटरफेस बनाकर एग्री-लॉजिस्टिक की अड़चनों को दूर करने के लिए उपयोग किया जा रहा है। सब्जियों और फल जैसी नष्ट होने वाली वस्तुओं, बीज कीटनाशक और उर्वरक आदि जैसे इनपुटों की अंतर्राज्यीय आवाजाही के लिए राज्यों के बीच समन्वय हेतु अखिल भारतीय कृषि परिवहन कॉल सेंटर शुरु किया गया है। भारतीय रेल 65 से अधिक रूटों पर नष्ट होने वाली वस्तुओं के लिए 134 पार्सल स्पेशल ट्रेनें चला रहा है, और नागर विमानन मंत्रालय द्वारा 'लाइफलाइन उड़ान' योजना के तहत देश के दूरदराज क्षेत्रों में आवश्यक मेडिकल कार्गो के परिवहन के लिए 247 फ्लाइटों का परिचालन किया गया है। ये दिशानिर्देश कृषि क्षेत्र, जो देश के लगभग 60त्न लोगों की आजीविका का प्राथमिक स्रोत है, को खोलने के अलावा, अन्य क्षेत्रों, जैसे निर्माण, जिनमें सबसे बड़ी संख्या में अनौपचारिक दैनिक मजदूर, ई-कॉमर्स, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन आदि स्वरोजगार सेवाएं शामिल हैं और विशेष आर्थिक क्षेत्रों में विनिर्माण उद्योगों को भी खोलने की अनुमति देते हैं। वास्तव में, इन कदमों से देश के अधिकांश लोगों के लिए आजीविका बहाल होगी और उनके हित में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

कोरोना संकट के लिए कौन जिम्मेदार?

उपेन्द्र प्रसाद

विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी के बाद सबसे पहले तो विदेश यात्राओं पर रोक लगाई जानी चाहिए थी। खासकर उन देशों को आइजोलेशन में डाला जाना चाहिए था, जहां चीन से निकलकर कोरोना दूसरे देशों में जा रहा था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उसके बाद सभी देश की सरकारों को अपने अपने देशों में सभी प्रकार के जमावड़ों को प्रतिबंधित या नियंत्रित किया जाना चाहिए था। अब बात सामने आ रही है। कि यूरोप और अमेरिकी देशों में रविवार को चर्चों में लगने वाले जमावड़े जारी रहे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने समय रहते दी थी चेतावनी

कोरोना संकट से पूरी दुनिया कराह रही है। 195 से ज्यादा देशों में यह महामारी फैल चुकी है और इसका बहुत निकट भविष्य में कोई निदान भी नहीं दिखाई दे रहा है। इन पंक्तियों को लिखे जाने तक इस बीमारी से दुनिया भर में 24 लाख से ज्यादा लोग इसकी जद में आ चुके हैं और उनमें से 1 लाख 65 हजार से ज्यादा लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। चिंता की बात यह भी है कि इसकी रफ्तार कम होने की बजाय लगातार तेज होती जा रही है।

और इसका असर सिर्फलोगों को संक्रमित करने या उनकी जान लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके कारण सभी देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी संक्रमित हो चुकी हैं। लोगों को एक दूसरे से अलग रखकर इसके फैलाव को रोकने के लिए जो तरीके अपनाए जा रहे हैं, उनके कारण दुनिया की आधा से ज्यादा आर्थिक गतिविधियां ठप हो चुकी हैं। जाहिर है, इसके घातक परिणाम सामने आ रहे हैं। यदि ये गतिविधियां ज्यादा समय तक ठप रहीं, तो यकीन मानिए कि सबकुछ तहस नहस हो जाएगा। उसके बाद जो स्थिति पैदा होगी, वह कोरोना वायरस से भी ज्यादा भयंकर होगी और अब तक के ज्ञात इतिहास में मानव सभ्यता के सामने की सबसे बड़ी चुनौती होगी। सच तो यह है कि अर्थव्यवस्थाओं के ध्वस्त होने के क्या क्या नतीजे होंगे, इसका हम अनुमान तक नहीं लगा सकते। सवाल उठता है कि क्या इस भयानक अभूतपूर्व त्रासदी क्या अपरिहार्य थी या इसे रोका जा सकता था? इसका जवाब यही है कि इसे रोका जा सकता था। पिछले साल दिसंबर के अंतिम महीने में चीन में इस वायरस का प्रकोप दिखाई पड़ा। शुरू शुरू में तो कुछ ज्यादा समझ नहीं आ रहा था, लेकिन एक पखबारे के बाद इसके खतरे साफ दिखाई पड़ने लगे। 30 जनवरी को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बीमारी को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य आपात काल घोषित कर दिया। मेडिकल इमरजेंसी की 30 जनवरी को हुई घोषणा को गंभीरता से नहीं लिया गया। एक तरह से हम कह सकते हैं कि देशों की सरकारों ने एक तरह से विश्व स्वास्थ्य संगठन की उस चेतावनी को अनदेखा ही कर दिया। उन्हें लगा कि यह चीन की समस्या और यदि उनके देश में यह बीमारी आ भी गई, तो इस पर नियंत्रण कर लेंगे। यदि फरवरी महीने से ही इसके प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने शुरू होते, तो स्थिति नियंत्रण में आ सकती थी, लेकिन सबकुछ पहले की तरह ही चलता रहा और यह बीमारी कितनी खतरनाक हो सकती है, उसके बारे में सही तरीके से देशों की सरकारों ने सोचा तक नहीं।

आज इस बीमारी से सबसे ज्यादा ग्रसित वे देश हैं, जिन्हें हम विकसित देश कहते हैं। वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था दुनिया में सबसे बेहतर है, लेकिन संक्रमित होने की संख्या और मृतकों को लेकर ये देश सबसे आगे हैं। सबसे ज्यादा ग्रसित यूरोप हैं, जहां मृतकों की संख्या सवा लाख तक पहुंचने वाली है और उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका है, जहां संक्रमितों की संख्या करीब 8 लाख पहुंचने वाली है। यदि अमेरिका और यूरोप को मिला दिया जाए, तो संक्रमित होने और मरने वाले लोगों में यहां के देशों का योगदान 90 फीसदी है। और सच यह भी है कि अमेरिका और यूरोप के ये देश विश्व अर्थव्यवस्था के चालक हैं। वास्तव में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सरकार की सक्रिय प्रतिक्रिया की सराहना की है, और भारत को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के कोरोना वायरस सरकारी रिस्पांस ट्रैकर में सर्वोच्च स्कोर भी प्राप्त हुआ है। आगे जाकर, भारत की इस महामारी के बाद की अर्थव्यवस्था में सुधार के उपाय पर भी अंतर्राष्ट्रीय नज़र रहेगी और यह दुनिया के अनुसरण के लिए एक टेम्पलेट के रूप में कार्य करता रहेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कितनी हैरत की बात

कितनी हैरत की बात है वे जानते ही नहीं कि जिस घर को जाती सड़क पर अपने पैर बढ़ाने को बेचैन हैं वे लोग उस घर के मुखिया को पसंद नहीं ....लौटना उनका..!!!

– आभा खरे

निभाता दोस्ती मैं बस उसी से मिलाले हाथ जो

निभाता दोस्ती मैं बस उसी से मिलाले हाथ जो अपनी खुशी से नसीहत आज मैं देता उसी को जो' माने बात को मेरी खुशी से नहीं रखता गिला मन में सदा जो वही जीता यहाँ पर सादगी से सदा चलता रहा हूँ साथ मिल कर नहीं है दुश्मनी मेरी किसी से मैं हरेक दिल में रहना चाहता हूँ नहीं शिकवा गिला मेरा किसी से

– संजय कुमार गिरि

खास पाती

सरे बाग़बां गुल तो महका बहुत

सरे बाग़बाँ गुल तो महका बहुत है वले आँधियों ने सताया बहुत है। ले उठ ही गए साक़िया जामो सागर तेरी बज़्म में आज पीना बहुत है। मुहब्बत में इतना तरद्दुद है शामिल तभी आजकल इसमें धोखा बहुत है।नहीं कुछ भी चाहा बजुज़ एक दिल के चलन आशिक़ों का निराला बहुत है। गुलों ने कभी भी शिकायत नहीं की यूँ ख़ारों ने उनको रुलाया बहुत है। बता कोई तन के कहाँ तक चलेगा यहाँ झूठा निर्णय झुकाता बहुत है। सदी बीसवीं की वबा है भयानक कि चौखट के बाहर तो ख़तरा बहुत है। न मुँह अपना फेरो जताओ न नफ़रत फ़क़त आँख का ही इशारा बहुत है। ये इज़्ज़त,ये शुहरत लबों का तबस्सुम तुझे 'अंशु' सबने तराशा बहुत है।– अंशु विनोद गुप्ता

मैं तो राधा बन न सकी, सुनो

मैं तो राधा बन न सकी, सुनो ! तुम मेरे कृष्ण बनोगे क्या ? मेरे उत्तर अनसुलझे, सुनो ! हल मेरे प्रश्न करोगे क्या ? मैं बन जाऊँ गंधारी, सुनो ! तुम मेरे नयन बनोगे क्या ? ठुकराया है दुनिया ने, सुनो ! तुम मेरा चयन करोगे क्या ? मैं धरती तप्त बहुत हूँ, सुनो ! तुम मेरा गगन बनोगे क्या ? अपना कर मुझ दासी को, सुनो ! तुम मुझसे लगन करोगे क्या ? मुझ पर, हार हृदय अपना, सुनो ! तुम मेरे सजन बनोगे क्या ? पूछ रही हूँ, तुमसे मैं, सुनो ! सच मेरे वचन करोगे क्या?

- अलका अग्रवाल

सुबह सबेरे बैठे ठाले, तुमको पुकारे

सुबह सबेरे बैठे ठाले, तुमको पुकारे ,प्यार कर ले , वरना सुनले , जिंदगी चार दिनों का मेला उसके बाद न तेरा न मेरा हंस ले गा ले मुस्कुरा ले जग में नाम कमा ले रोते आये थे हसते जारहे सब पर जादू कर रहे। - नवीन कुमार तिवारी

शब्दों का जाल बिछाना आया ना हमें

शब्दों का जाल बिछाना आया ना हमें दूसरों का दिल दुखाना आया ना हमें प्रेम -प्यार को ही खुदा माना जब से नफरत का गीत सुनाना आया ना हमें चालाकियों से भरे सरे बाजार में, दाम मासूमियत का चुकाना आया ना हमें सब को ही अपना बनाते रहे हम तो गैरों से फासला बनाना आया ना हमें बहुत समझाया पाठ कोरेपन का सबने नादाँ थे, समझ अफसाना आया ना हमें यह जमाना नही जगह सीमा है तेरी इन गलियों में घर बसाना आया ना हमें। – सीमा भाटिया

स्त्री का मन कभी यूं होता है जैसे

स्त्री का मन कभी यूं होता है जैसे ! चूल्हें की धीमी आँच पर रखा, तसली में सिझता भात सिझता है , स्त्री के मन मे अनेक बात , बीते कल परसों या आने वाले कल परसों की स्थिति, या भाव मे पिसता मन घर के दरवाजे के पल्ले में, रखती है , हजारों दर्द, सैकड़ो खूवाब, नींद और जागने के बीच, एक द्वंद सा होता है स्त्री का मन। - आकाश कुशवाहा

सत्ता मिली तो भूल गए वो गलत-सही

सत्ता मिली तो भूल गए वो गलत-सही, बीते दिनों की बात जैसे याद ही नही .. चिपके हुए हैं उनसे जो दो-चार चाटुकार, हर बात पर ये भाट कहें वाह क्या कही.. दौलत हराम, आई जो दारू से फ्लाफल, दीपक गरीब घर के बुझाकर चली गई .. चुप हैं तो न समझो न है लोगों को शिकायत, टूटी हुई उम्मीद से कुछ बोलते नहीं। - निश्चय वाजपेयी

तुम्हारे खूवाब बुनती हैं मेरी आँखें

तुम्हारे खूवाब बुनती हैं मेरी आँखें मेरी आँखें नज़र में तुमको भरती हैं मेरी आँखें मेरी आँखें। कभी जब पूछते हैं लब मुहब्बत किसको कहते हैं तुम्हारा ज़िक्र करती हैं मेरी आँखें मेरी आँखें। - चारु अग्रवाल '

QUIZ TIME

1) किस ग्रंथ में चंद्रगुप्त मौर्य के उत्तराधिकारी बिन्दुसार का नाम 'भद्रसार' मिलता है?

2) डोनबास क्षेत्र किस लिए प्रसिद्ध है? (कोयला / सोना)

3) प्रथम स्पीकर जिसके खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था?

4) कौन-सा व्यापारिक बैंक वर्ष 2004 में काबुल में काउण्टर खोलने वाला पहला भारतीय बैंक बना था?

5) संस्था का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) वायु पुराण (2) कोयला (3) जी वी मावलंकर (4) पंजाब नेशनल बैंक (5) भारतीय मानक ब्यूरो

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1451 - लोदी वंश का संस्थापक बहलोल खां लोदी दिल्ली का शासक बना। 1526 - मुगल शासक बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच पानीपत की पहली लड़ाई में इब्राहिम लोदी मारा गया। 1572 - फ्रांस और इंग्लैंड के बीच स्पेन के खिलाफ सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर हुए। 1654 - इंग्लैंड और स्वीडन के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर। 1720 -बाजी राव प्रथम, पेशवा बालाजी विश्वनाथ के उत्तराधिकारी बने। 1739 - स्पेन और आस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। 1782- थाईलैंड की राजधानी बैंकाक शहर की स्थापना हुई। 1895 - अमेरिका में विकसित पहले फिल्म प्रोजेक्टर 'पैनटॉप्टिकॉन' का प्रदर्शन किया गया। 1910 - टॉम सायर तथा हकलबरी फिन जैसे संजीदा किरदारों के रचियता अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन का निधन।

न्यूज गैलरी

पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय के संपर्क में आये 16 की रिपोर्ट निगेटिव

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से बुरी तरह प्रभावित दिल्ली के लिये सोमवार को कुछ राहत भरी रही कि दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में कोरोना वायरस संकरमित पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय के संपर्क में आने वाले 16 लोगों की जांच रिपोर्ट नकारात्मक आई है। दक्षिण जिले के जिलाधिकारी बी एन मिश्रा ने आज इसकी जानकारी दी। इस मामले के सामने आने पर पाश कालोनी में हडकंप मच गया था।

श्री मिश्रा ने कहा की जिनकी जांच रिपोर्ट आज आई है वह सभी उच्च जोखिम संपर्क श्रेणी में थे। गौरतलब है कि पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय की 13 अप्रैल को जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी। इसके बाद वह इलाके के जिन 72 घरों के संपर्क में आया था उन घरों में रहने वालों को घरों में क्वारेंटीन किया गया था।

अफगानिस्तान में तालिबानी हमले में सेना के 18 जवान मारे गये

तालुकान (वार्ता)। अफगानिस्तान के तखार प्रांत में आतंकवादी संगठन तालिबान के हमले में सेना के कम से कम 18 जवान मारे गये और तीन अन्य घायल हो गये हैं। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता अब्दुल खलिल आसिर ने सोमवार को बताया कि तालिबान आतंकवादियों ने रविवार देर रात इस हमले को अंजाम दिया। बड़ी संख्या में आतंकवादियों ने एक जिला थाना और उसके पास ख्वाजा घर जिले में स्थित सैन्य शिविर को निशाना बनाकर मध्यरात्रि के बाद ये हमले किये थे। पहाड़ों से आये हमलावर आतंकवादी जिला थाना पर चढ़ाई कर पूरे जिले पर कब्जा करने की फिराक में थे लेकिन सुरक्षा बलों ने उनके इरादे को नाकाम कर दिया। सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष में कई आतंकवादी भी घायल हुए तथा घटनास्थल पर मौजूद खून के छींटें इसकी गवाही दे रहे थे।

डीजीसीए की रोक के बावजूद बुकिंग कर रहीं एयरलाइंस

नई दिल्ली (वार्ता)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आदेश का खुलेआम उल्लंघन करते हुये कई विमान सेवा कंपनियाँ अब भी टिकट की बुकिंग कर रही हैं। डीजीसीए ने रविवार को एक सर्कुलर जारी कर कहा था कि लॉकडाउन के दूसरे चरण के बाद चार मई से यात्री उड़ानें शुरू करने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। उसने सभी एयरलाइंस को निर्देश दिया था कि वे टिकट की बुकिंग अभी न करें। यात्री उड़ानें शुरू करने से पहले उन्हें तैयारी का पूरा समय दिया जायेगा और इसकी पूर्व सूचना दी जायेगी।

लॉकडाउन हटाना महामारी का अंत नहीं, अगले चरण की शुरुआत : डब्ल्यूएचओ

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस 'कोविड-19' के संदर्भ में कहा है कि लॉकडाउन हटाना महामारी का अंत नहीं है बल्कि यहाँ से इसके अगले चरण की शुरुआत होती है जिसके लिए हमें तैयार रहना चाहिये।

रियाद/नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस कोविड-19 पर जी-20 देशों की 'वर्चुअल' बैठक को संबोधित करते हुये डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. तेद्रोस गेब्रियेसस ने कहा, ÷हम इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि जी-20 समूह के कई देश सामाजिक प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि यह प्रक्रिया चरणबद्ध हो। लॉकडाउन संबंधी प्रतिबंधों को हटाना किसी देश में महामारी का अंत नहीं, अगले चरण की शुरुआत है।

तेद्रोस ने कहा कि अगले चरण में राष्ट्रों को अपने नागरिकों को वायरस की रोकथाम के लिए शिक्षित करना होगा, उन्हें इसमें भागीदार और सशक्त बनाना होगा। वायरस का प्रकोप दुबारा बढ़ने की स्थिति में उन्हें त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भी तैयार रहना होगा।

डब्ल्यूएचओ ने सलाह दी है कि प्रतिबंधों में ढील से पहले सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनके पास कोविड-19 के हर मरीज का पता लगाने, उनकी जाँच, उनके एकांतवास तथा देखभाल और उनके संपर्क में आये हर व्यक्ति की पहचान की पर्याप्त क्षमता मौजूद है। यदि मामले बढ़ते हैं तो उससे निपटने के लिए उनके स्वास्थ्य तंत्र में मामलों के अनुरूप पूरी सुविधा होनी चाहिये।

कोरोना: अमेरिका में एक दिन में करीब 2000 की मौत

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस 'कोविड-19' से 2000 लोगों की मौत हुई है जिससे देश में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 40,000 हो गयी है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार अमेरिका में पिछले 24 घंटों में 26,800 नये मामले सामने आये हैं जबकि इस दौरान कुल 1997 लोगों की मौतें हुई है। अमेरिका के सबसे मुख्य शहरों में से एक न्यूयॉर्क में सबसे अधिक 18,921 लोगों की मौत हो चुकी है और अबतक करीब 242,570 लोग कोरोना से संक्रमित पाये गये है। इसके अलावा न्यू जर्सी में 4,364, मिशिगन में 2308 और मैसाचुसेट्स में अबतक 1560 लोगों की जान जा चुकी है। इसीबीच अमेरिका में कुल संक्रमितों की संख्या 759000 हो गयी है जो कि पूरे विश्व में सबसे अधिक है। वहीं इस दौरान कुल 70,000 मरीज इस बीमारी से उबर चुके हैं।

गुजरात, महाराष्ट्र... देश में कोरोना के 5 अशुभ संकेत, रविवार को 1612 नए मामले

गोवा ने खुद को घोषति किया कोरोना फ्री, आखिरी पेशेंट इलाज के बाद डिस्चार्ज

- महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश में एक दिन में सबसे ज्यादा पॉजिटिव केस
- देश के 36 प्रतिशत कोरोना के मामले केवल महाराष्ट्र और दिल्ली में
- गुजरात के अहमदाबाद में तेजी से बढ़ रहे मामले, एक दिन में 239 केस

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी ने भारत में कोहराम मचा रखा है। रविवार (19 अप्रैल) को देशभर से 1,612 नए मामले सामने आए। महाराष्ट्र में 552, गुजरात में 367 और उत्तर प्रदेश से 179 केस आए जो इन राज्यों में एक दिन का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इन राज्यों में जब मामले बढ़े तो देश के कुल मामलों में रविवार को 10 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली। खबर लिखे जाने तक 17,325 मामले सामने आ चुके थे।

देश में रविवार को 39 मौतें

महाराष्ट्र में रविवार को 12 लोगों की कोरोना से मौत हुई। इसके अलावा गुजरात में 10, मध्य प्रदेश में 5 और तेलंगाना में 3 लोगों की जान गई। दिल्ली, केरल और राजस्थान में दो-दो लोगों की मौत हुई। पूरे दिन में 39 लोगों ने जान गंवाई, इस तरह देश में कोरोना की वजह से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 560 हो गया है। इस बीच, गोवा से एक अच्छी खबर आई। वह देश का पहला राज्य बन गया जिसने खुद को ष्टह्ळ्ढ्ढष्ठ-19 मुक्त घोषित किया है। यहां रविवार को सातवें और आखिरी मरीज को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

सरकार ने रविवार को यू-टर्न लेते हुए ई-कॉमर्स कंपनियों पर लॉकडाउन अवधि के दौरान उनके मंच के जरिये गैर-जरूरी वस्तुओं की बिक्री से रोक लगा दी। सरकार ने चार दिन पहले ही इन कंपनियों को मोबाइल फोन, रेफ्रिजरेटर और सिले-सिलाए परिधान जैसे गैर-जरूरी सामान की बिक्री करने की अनुमति दी थी, लेकिन अब इसे वापस ले लिया। आइए देखते हैं, गृह मंत्रालय की ओर से जारी नए निर्देशों के तहत किन-किन गतिविधियों की छूट दी गई है और किन पर अब भी पाबंदी लागू है

महाराष्ट्र, दिल्ली में हालात बेहद खराब

महाराष्ट्र में कोरोना का सबसे ज्यादा प्रकोप है। वहां रविवार को ना सिर्फराज्य, बल्कि मुंबई से भी एक दिन में सबसे ज्यादा मामले सामने आए। देश की आर्थकि राजधानी में 456 नए मामले जुड़े और छह लोगों की मौत हुई। राज्य में कोरोना मामलों की संख्या 4,200 को पार कर गई है। यहां अबतक 223 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में भी कुल मरीजों की संख्या 2003 हो गई है। रविवार को यहां 110 मामले आए। गुजरात में अब 1,743 पॉजिटिव मामले हो चुके हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली के बाद कोरोना के सबसे ज्यादा मरीज गुजरात में ही हैं।

गुजरात में मरने वालों की संख्या भी ज्यादा

मॉर्टलिटी रेट के हिसाब से भी गुजरात देश में तीसरे नंबर पर है। महाराष्ट्र (211) और मध्य प्रदेश (72) के बाद गुजरात का नंबर आता है जहां अबतक 63 की मौत हुई है। यहां पर अहमदाबाद में सबसे ज्यादा मामले हैं। रविवार को अहमदाबाद से 239 नए मामले सामने आए, यहां कुल मामलों की संख्या 1,101 हो गई है। सूरत में 242 मामले हैं जबकि वडोदरा में 180। राज्य में रविवार को रिकवर होने वाले पेशेंट्स का आंकड़ा 100 को पार कर गया। अबतक 105 को इलाज के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है।

राज्य सभा सचिवालय में कार्य पुनः आरंभ

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड 19) के कारण गत 25 मार्च से लागू पूर्णबंदी के 27 दिन बाद आज राज्य सभा सचिवालय ने अपना कार्य पुनः प्रारंभ किया।

राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने यह जानकारी देतु हुए कहा ÷, मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूर्णबंदी के दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए, सिर्फ ऐसे महत्वपूर्ण कामकाज को ही अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर निष्पादित किया जाय, जिन्हें लंबित नहीं रखा जा सकता है।÷

उन्होंने कहा,÷मैंने निर्देश दिए हैं कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं और उनके प्रबंध किए जाएं। इसके लिए संसद भवन के प्रवेश द्वार पर ही सभी वाहनों को सेनिटाइज किया जाता है तथा अधिकारियों, कर्मचारियों के तापमान की जांच की जाती है।÷

उन्होंने कहा , ÷ मैं सभी संबद्ध लोगों से आग्रह करता हूं कि आज से प्रारंभ हो रही आंशिक ढील के दौरान भी कार्यस्थल तथा वाणिज्यिक या व्यावसायिक स्थानों पर संक्रमण के विरुद्ध सुरक्षा, सावधानी के सभी प्रावधान किए जाएं।

जोकोविच ने कोरोना के अनिवार्य टीके का किया विरोध

बेलग्राद (वार्ता)। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने टेनिस सत्र फिर से शुरू होने से पूर्व खिलाड़ियों के लिए कोरोना टीका अनिवार्य करने का विरोध किया है। जोकोविच ने साथी सर्बियाई एथलीटों के साथ लाइव फेसबुक चैट में कहा, ÷यह बड़ी असमंजस की स्थिति होगी यदि टेनिस सत्र फिर से शुरू होने से पहले खिलाड़ियों को कहा जाए कि उन्हें कोर्ट में उतरने से पूर्व कोरोना टीका करवाना होगा। व्यक्तिगत रूप से मैं ऐसे किसी टीके का विरोधी हूं और मैं नहीं चाहता कि यात्रा करने से पूर्व किसी को ऐसा टीका लगाने के लिए मजबूर किया जाए।÷

नंबर एक टेनिस खिलाड़ी ने कहा, ÷यदि यह अनिवार्य कर दिया जाता है तो फिर क्या होगा। मुझे अपना फैसला करना होगा। मैं इस मामले में अपने विचार रखता हूं।

फुटबॉल लेजेंड्स और भूटिया का कोरोना योद्धाओं को सलाम

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया, फुटबॉल लीजेंड्स ब्राजील के पेले, अर्जेंटीना के डिएगो माराडोना और फ्रांस के जिनेदीन जिदाने ने कोरोना योद्धाओं को इस महामारी के समय अपनी जान की परवाह नहीं कर लोगों की सेवा करने के लिए सलाम किया है। फीफा ने वी विल विन नामक अभियान शुरु किया है जिसके तहत भूटिया सहित अन्य 50 पूर्व फुटबॉलर तथा फुटबॉल खिलाड़ियों ने वीडियो जारी कर स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य पेशेवर लोगों की उनकी सेवा के लिए सराहना की है। वीडियो में डेविड बैकहम, फाबियो कानावारो, इकेर कैसिलास, काका, गेरार्ड पीकू, राबर्टो कार्लोस, रोनाल्डो(ब्राजील), सर्जियो रामोस और मार्को वान बास्टन

जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने इन कोरोना योद्धाओं को सलाम किया है। फीफा ने बयान जारी कर कहा, ÷पूरी दुनिया में स्वास्थ्य से जुड़े स्टाफ अपने जीवन को खतरे में डाल कर लोगों की रक्षा कर रहे हैं। दुख की बात है कि इस दौरान कई स्वास्थ्यकर्मियों को अपनी जान भी देनी पड़ी है। बयान में कहा गया है, पुलिसकर्मी, दवाई दुकानदार, जरुरतमंद सामानों के दुकानदार, गोदाम, सार्वजनिक परिवहन और सुरक्षा से जुड़े लोग लोगों की मदद के लिए बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। इन सभी लोगों को फुटबॉल धन्यवाद देता है और हम आपके इस कार्य को कभी नहीं भूलेंगे तथा आपका हमेशा समर्थन करेंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में एक लाख 60 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

कोरोना से जंग में लोगों की मदद के लिये आगे आयी तमन्ना भाटिया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लागू देशव्यापी लॉकडाउन में जरूरतमंद लोगों को भोजन मुहैय्या करा रही है। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में बॉलीवुड के कई सेलेब्रिटी लोगों की मदद के लिये आगे आ रहे हैं। इस कड़ी में अब तमन्ना भाटिया का नाम भी जुड़ गया है। 'लेटसऑलहेल्पडॉटओआरजी' की चीफ तमन्ना भाटिया लॉकडाउन होने के बाद से अपनी टीम के साथ मिलकर 50 टन से अधिक भोजन जुटाने में सफल रहीं है और उन्होंने मुंबई के बस्तियों, ओल्ड एज होम और शेल्टर में रह रहे 10,000 से अधिक लोगों के जरूरतों को पूरा किया है। तमन्ना भाटिया ने कहा , ÷कोविड -19 महामारी के प्रकोप ने लाखों लोगों को बुरी तरीके से प्रभावित किया है। लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग शायद संकट का मुकाबला करने का सबसे अच्छा तरीका है जब तक कि कोविड 19 के समाधान की खोज न हो जाए. हालांकि, सामान्य स्थिति बहाल होने में कुछ सप्ताह लग सकते हैं या महीने भी लग सकते हैं, जबकि हम सभी अपनी आजीविका के बारे में चिंतित हैं, उन हजारों दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी कामगारों के लिए भी सोचे जो अपनी आजीविका के साधन खो चुके है।

16 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 68 जिलों में भोजन मुहैया कराया गया

रिलायंस फाउंडेशन का तीन करोड़ लोगों को भोजन का बीड़ा

नई दिल्ली (वार्ता)। रिलायंस फाउंडेशन ने वैश्विक महामारी कोविड-19 की चुनौती के बीच अपने भोजन वितरण कार्यक्रम 'मिशन अन्न सेवा' में देश भर में हाशिए पर रह रहे तीन करोड़ से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। यह विश्व में किसी कॉरपोरेट फाउंडेशन का अब तक का सबसे बड़ा भोजन वितरण कार्यक्रम बन गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) से जुड़ी और समाज कल्याण के लिए काम करने वाली रिलायंस फाउंडेशन ने अब तक 16 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 68 जिलों में दो करोड़ से अधिक लोगों को भोजन मुहैया भी करा चुकी है। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने कहा,÷कोविड -19 दुनिया,देश और मानवता के लिए एक भयानक महामारी है, जो रोज कमाते है रोज खाते हैं ऐसे दैनिक मजदूरों के लिए दिल दुख से भर जाता है। वे भी हमारे परिवार के सदस्य हैं - हमारे अपने देश परिवार के। इसीलिए, रिलायंस फाउंडेशन ने मिशन अन्न सेवा शुरू की है - जरूरतमंद भारतीयों को भोजन कराना हमारा संकल्प है। हमारी संस्कृति में, अन्न दान को महा दान कहा गया है। उपनिषद हमें सिखाते हैं कि 'भोजन ही ब्रह्म है।' मिशन अन्न सेवा के माध्यम से, हम पूरे देश में हाशिए पर रह रहे लोगों और कोरोना के अग्रणी मोर्चे पर तीन करोड़ से अधिक भोजन का इंतजाम किया है। यह दुनिया में कहीं भी एक कॉरपोरेट फाउंडेशन का अब तक का सबसे बड़ा भोजन वितरण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत फाउंडेशन परिवारों को पका भोजन, पकाकर खाने वाले पैकेट और सूखा राशन-किट और सामुदायिक रसोई के लिए बडी मात्रा में राशन उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम के लाभार्थियों में दैनिक वेतन भोगी, झुग्गी-झोपड़ी वासी, शहरी सेवा प्रदाता, कारखाने के कर्मचारी और वृद्धाश्रम और अनाथालयों में रहने वाले शामिल हैं। जूनियर मेडिकल स्टाफ, पुलिस कर्मियों और सुरक्षा बलों जैसे अग्रिम पंक्ति के सेवा में जुटे कोरोना योद्धाओं को भी इस कार्यक्रम के तहत भोजन मुहैया कराया जा रहा है। कुछ स्थानों पर रिलायंस फ़ाउंडेशन फूड-टोकन भी बांट रहा है, जिसे रिलायंस रिटेल आउटलेट्स जैसे रिलायंस फ्रेश, रिलायंस स्मार्ट सुपरस्टोर, रिलायंस स्मार्ट पॉइंट और सहकारी भंडार में भुनाया जा सकता है। रिलायंस फाउंडेशन और रिलायंस परिवार के पूरे कर्मचारी एकजुट होकर मिशन पर काम में दिन रात जुटे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लॉकडाउन अवधि के दौरान कोई भी भारतीय भूखा न रहे। आवश्यक सामनों की पैकिंग और आपूर्ति का काम रिलायंस रिटेल कर्मचारी के कंधों पर है। मुंबई, सिलवासा, वडोदरा, पातालगंगा, हजीरा, झज्जर, शहडोल, जामनगर, दाहेज, बाराबंकी, नागोठाने, गडीमोगा और होशियारपुर जैसे रिलायंस कार्यस्थलों के कर्मचारी अपने-अपने स्थानों पर गरीब समुदायों को मुफ्त भोजन वितरित कर रहे हैं।

अजय ने कोरोना से जंग जीत चुके लोगों से ब्लड डोनेशन की अपील की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने कोरोना को मात दे चुके लोगों से अपील की है कि वे कोरोना पीड़ित लोगों के लिए ब्लड डोनेट करें।

अजय देवगन ने उन लोगों से ब्लड डोनेट करने की अपील की है जो कोरोना वायरस को मात दे चुके हैं और कोविड 19 जैसी जानलेवा बीमारी से उबर चुके हैं। अजय ने कहा है कि उनका ब्लड डोनेशन उन लोगों के लिए मददगार होगा जो इस समय बेहद गंभीर परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। अजय देवगन ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ÷यदि आप कोविड 19 से ठीक हो चुके हैं तो आप एक कोरोना वारियर हैं। हमें इस अदृश्य दुश्मन से जीतने के लिए ऐसे वारियर्स की आर्मी की जरूरत हैं। आपके खून में वो बुलेट्स हैं जो वायरस को खत्म कर सकती हैं। प्लीज अपना ब्लड डोनेट करें ताकि अन्य लोग खासतौर पर जो गंभीर हालत में हैं, ठीक हो सकें।

शासन के निर्देशों का पालन नहीं करने वाले ईंटभट्ठा संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

■ संबंधित आरआई पटवारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया

धमतरी। कोविद-19 कोरोना वायरस के संभावित संक्रमण को दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर श्री रजत बंसल ने जिले में ईंटभट्ठों सहित विभिन्न जगहों पर शासन के निर्देशों का समुचित पालन किए जाने के संबंध में निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इसी तारतम्य में धमतरी तहसील के नायब तहसीलदार ने ग्राम दोनर के दो साधारण मिट्टी ईंटभट्ठों (चिमनी भट्ठा) में औचक निरीक्षण कर दबिश दी। इस दौरान दोनों भट्ठों में कोरोना वायरस के संक्रमण एवं रोकथाम व नियंत्रण के लिए शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं किया जाना पाया गया। तदुपरांत दोनों ईंट भट्ठों में चल रहे ईंट निर्माण कार्य को आगामी आदेश तक रूकवाकर भट्ठा संचालक श्री रेवेन्द्र चंद्राकर एवं श्री तुंगभद्र

चंद्राकर के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा थाना अर्जुनी में आईपीसी की धारा-188 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई गई। साथ ही कोविद-19 के संबंध में शासन से जारी निर्देशों का समुचित ढंग से पालन नहीं किए जाने और उच्चाधिकारी को इसकी जानकारी नहीं दिए जाने पर राजस्व निरीक्षक श्री रामकुमार साहू, हल्का पटवारी श्रीमती ममता सिन्हा एवं ग्राम कोटवार श्रीमती सोमिनबाई को कारण बताओ नोटिस नायब तहसीलदार द्वारा जारी किया गया है।

इसी प्रकार लॉकडाउन की अवधि में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खनिज के अवैध परिवहन की प्राप्त शिकायतों पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए कुरूद विकासखण्ड की भखारा उपतहसील के ग्राम सेमरा में रेत के चार ट्रैक्टर, मगरलोड के ग्राम सोनेवारा में बोल्डर से लदे एक ट्रैक्टर तथा साधारण मिट्टी इंट सो भरे एक ट्रैक्टर को जब्त कर अवैध परिवहन की कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार शासन के नियमों व निर्देशों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध आगे भी सतत् कार्रवाई जारी रहेगी।

आज से छूट की अवधि सुबह 7 से शाम 4 बजे तक होगी

डोंगरगढ़ । कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु जारी लॉक डाउन सहित धारा 144 पूरा जिला में लागू किया गया है । आवश्यक सामानों की खरीदी के लिए जिला प्रशासन ने सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक की छूट दी गई थी । शासन के निर्देशानुसार उक्त छूट की अवधि (प्रत्येक सोमवार को छोड़कर) प्रातः 7 बजे से संध्या 4 बजे तक बढ़ाई गई । जिला प्रशासन के निर्देशानुसार उक्त अवधि में सामाजिक दुरी के नियमों का पालन एवं मास्क सेनेटाइजर का उपयोग किया जाना आवश्यक के साथ जिले में लागू धारा 144 के नियमों का भी कड़ाई से पालन किया जाना अनिवार्य किया गया है।

डोनेशन ऑन व्हील में जरुरतमंदों के लिए सामग्री उपलब्ध कराई

महासमुंद। महासमुंद विकासखंड़ के शासकीय हाईस्कूल, मिडिल स्कूल सोरिद में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षक गणेश चंद्र गोहिल के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य धरम महानंद के नेतृत्व में संस्था में कार्यरत व्याख्याता रामकुमार जांगड़े, सुखेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, श्रीमती पूजा श्रीवास्तव, नेहा बजाज संगतानी, मंजू दीवान, मनीषा नन्देश्वर एवं मिडिल स्कूल के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ठाकुर वरिष्ठ शिक्षक कुबेर सिंह साहू, सोहनलाल साहू, श्रीमती सीएच एलविना, तारकेश्वरी मानिकपुरी और पंकज चन्द्राकर सहित स्कूल के अन्य शिक्षकों ने मिलकर वर्तमान में वैश्विक महामारी कोरोना से प्रभावित जरुरतमंद परिवारों एवं जिले के राहत शिविरों में निवासरत लोगों के सहयोग के लिए 13500 रुपए की राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद सुनील कुमार चन्द्रवंशी, तहसीलदार मूलचंद चोपड़ा, नायब तहसीलदार देवेन्द्र नेताम विशेष रूप से उपस्थित थे। स्कूल फैमिली द्वारा डोनेशन ऑन व्हील में सामग्री दान किए। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव, विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक योगेश्वर साहू और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। एसडीएम श्री चन्द्रवंशी ने इस नेक कार्य के लिए स्कूल फैमिली सोरिद की सराहना की है।

राशन वितरण की प्रक्रिया के अवलोकन हेतु अम्बेडकर वार्ड में पहुंची विधायक रँजना

धमतरी। विधायक रँजना साहू लाँकडाऊन के चलते जरूरत मंद लोगों को निगम क्षेत्र में पार्षद निधि से हो रहे राशन कीट की प्रक्रियाओं तथा गुणवता का अवलोकन करने के लिए स्थानीय अम्बेडकर वार्ड पहूंची गौरतलब है कि कोरोना वैश्विक महामारी से लडने लाँकडाऊन के बीच गरीब परिवार तथा निम्नमध्यवर्गीय लोगो के समक्ष जीवन यापन के लिये कठिनाई उत्पन्न हो गई है ऐसे मे शासन द्वारा उन लोगो प्रशासन के माध्यम से राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था स्थानीय वार्ड पार्षद के अनुशंसा पर उनके निधि से कि गई है इसी के तहत अम्बेडकर वार्ड में पूर्व निगम सभापति तथा पार्षद राजेंद्र शर्मा के अनुशंसा पर लगभग दो सौ. परिवार को राशन किट उपलब्ध कराया गया ,विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि संकट के इस घडी मे हम सब अपने अपने नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सेवा का अनुपम उदाहरण समाज के समक्ष प्रस्तुत करे यही देशभक्ति व राष्ट्रसेवा है ।

बाहर से आकर लॉकडाउन में फंसे परिवारों का राहत शिविरों में रखा जा रहा पूरा ध्यान

धमतरी । विश्वव्यापी नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन के मद्देनजर जहां जनजीवन ठहर सा गया है, वहीं प्रवासी मजदूर और अन्य कारणों से दूसरे प्रांतों से आए लोग भी काफी प्रभावित हुए हैं। इन लोगों को लॉकडाउन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसे ध्यान में रख कलेक्टर श्री रजत बंसल ने जिले के राहत शिविरों में इनके ठहरने की व्यवस्था की है। साथ ही खाने-पीने सहित मनोरंजन एवं खेल-कूद का विशेष ध्यान रखा जा रहा है तथा यहां सोशल डिस्टेंसिंग में रहकर, मास्क लगा विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही हैं। इसके अलावा समय-समय पर इनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। नगरी विकासखण्ड के सांकरा स्थित रामनगर और मानसभवन के राहत शिविर में स्थानीय पंचायत एवं जिला प्रशासन द्वारा खाने-पीने एवं अन्य जरूरत की सामग्रियां तो मुहैय्या कराई ही जा रही है, साथ ही मनोरंजन के लिए पंचायत की ओर से टी.वी. भी उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह कुरूद के हाईस्कूल सिलघट राहत शिविर में पुलिस प्रशासन की ओर से प्रतिदिन योग और ध्यान कराया जा रहा है।

अवैध महुआ शराब परिवहन करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

धमतरी। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु धमतरी पुलिस लगातार लोगों को लाकडाउन के दौरान नियमों का पालन करने समझाइश दे रही है, वहीं कुछ असामाजिक तत्व के लोग अवैधानिक कृत्यों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी. राजभानु के द्वारा वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना रूद्री पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल में ग्राम पुरुर से बोरिदखुर्द की ओर अवैध रूप से देसी महुआ शराब परिवहन कर रहे हैं। उक्त सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के

मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रूद्री श्री युगल किशोर नाग के नेतृत्व में रूद्री पुलिस टीम के द्वारा ग्राम बोरिदखुर्द नाकेबंदी पॉइंट के पास घेराबंदी कर मोटरसाइकिल को रोककर गवाहों के समक्ष दोनों व्यक्तियों एवं उनके प्लास्टिक थैला मे रखें सामान की तलाशी लेने पर प्लास्टिक जरकिन एवं बोतल में 06 लीटर महुआ शराब कीमती ?600 एवं अवैध शराब परिवहन हेतु प्रयुक्त मोटर साइकिल हीरो होंडा क्रमांक सीजी 05 एजी 1192 कीमती 20000 रुपए को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया।

सार्वजनिक स्थलों पर बिना मास्क पहने मिलने पर की गई कार्रवाई

महासमुंद। कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए राज्य सरकार के आदेश के नियमों का उलंघन करने पर बिना मास्क लागाए घूमने की आदत पर लगाम लगाने के लिए नगरपालिका बागबाहरा में बिना मास्क पहने सार्वजनिक स्थलों में घूम रहे लोगों का 100-100 रुपए का चालान काटा गया तथा उन्हें महिला समूह द्वारा निर्मित डबल लेयर कपड़े का मास्क निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।

अन्य राज्यों मे रुके विद्यार्थियों के अवश्यकताओं और समस्याओं के निराकरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बेमेतरा/साजा। नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु वर्तमान मे भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा लॉकडाउन घोषित किया गया हैं । उक्त अनुक्रम के अनुसार बेमेतरा जिले के अंतर्गत आने वाले ऐसे विद्यार्थी जो कोटा, राजस्थान मे हैं उनके रोजमर्रा की अवश्यकताओं और समस्याओं आदि के निराकरण हेतु संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति सिंह (मोबाईल न. 9009458871) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। इस सम्बन्ध मे कोई भी व्यक्ति अथवा नागरिक अपना आवेदन कक्ष क्रमांक 05, कलेक्टोरेट कार्यालय जिला बेमेतरा मे दें सकते हैं ।

पूर्व केबिनेट मंत्री डी पी धृतलहरे का उनके गृहग्राम में किया गया अंतिम संस्कार

बेमेतरा/साजा । छ.ग. एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री डी.पी. घृतलहरे का रविवार को आकस्मिक निधन रायपुर के निजी एमएमआई अस्पताल में हुआ। और उनके पार्थिव शरीर का पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके गृह ग्राम चक्रवाय पोस्ट, मारो ब्लॉक नवागढ़ मे अंतिम संस्कार किया गया। इस दुखत समय मे विधायक नवागढ़ गुरुदयाल बंजारे, कलेक्टर शिव अनंत तायल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस, अनुविभागीय अधिकारी डी.आर. डाहिरे ने विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की।

अवैध कच्ची शराब परिवहन करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही

राजनांदगांव। जिले के पुलिस कप्तान जितेन्द्र शुक्ला एवं नगर पुलिस अधीक्षक एमएस चंद्रा के निर्देशन पर अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटर सायकल मे अवैध रूप से बिक्री करने हेतु महुआ कच्ची शराब परिवहन कर रहे है। सूचना पर तत्काल थाना लालबाग टीम द्वारा ग्राम सोनेसरार के पास त्रिवेणी संगम तिराहा नाकेबंदी कर मोटर सायकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 08-एबी 9107 को रोक कर चेक करने पर एक कपड़े के थैले के अंदर दो लीटर एवं एक लिटर के प्लास्टिक बॉटल में रखे कुल 7 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2100 रुपये व मोटर सायकिल कीमती 15000 रुपये जुमला कीमती 17100 रुपये जप्त किया गया। आरोपी हिम्मत साहू पिता श्याम कुमार साहू उम्र 40 वर्ष एवं रामू सोनकर पिता दशरथ सोनकर उम्र 42 वर्ष दोनो निवासी कैलाश नगर मठपारा राजनांदगांव थाना कोतवाली के विरूद्ध थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 161/2020 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबध्द कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन करने की शर्त पर गुड़ाखू लाईन एवं गोल बाजार क्षेत्र की दुकानें खोलने की अनुमति

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने राजनांदगांव शहर के गुड़ाखू लाईन एवं गोलबाजार क्षेत्र की आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक खोले जाने की अनुमति सोशल डिस्टेसिंग (सामाजिक दूरी) का कड़ाई से पालन करने की शर्त पर दी है। उन्होंने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि दुकानदारों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करते पाए जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई के साथ दुकान भी सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञातव्य हो कि नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण एवं बाजार में

सामाजिक दूरी का पालन नहीं किए जाने के कारण गुड़ाखू लाईन एवं गोलबाजार क्षेत्र की दुकानों में सामने उपस्थित होकर आम नागरिकों के सामान खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

फल एवं सब्जी की घर पहुंच सेवा है मददगार : मौर्य

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के मार्गदर्शन में राजनांदगांव में लॉकडाउन की अवधि में फल एवं सब्जी की घर पहुंच सेवा प्रारंभ की गई। अब लोगों के द्वार तक ऑनलाईन सुविधा के तहत फल एवं सब्जियां पहुंचाई जाएंगी। यह सेवा सभी नगरीय निकायों के लिए है और अभी राजनांदगांव शहर के 9 विक्रेताओं ने पंजीयन करा लिया है। राज्य शासन की ओर से आरंभ किए गए इस सुविधा में राजनांदगांव शहर भी जुड़ गया है। शहर के फल एवं सब्जी विक्रेता इस वेबसाईट में जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर श्री मौर्य ने कहा कि सब्जी एवं फल की यह घर पहुंच सेवा उपभोक्ताओं एवं सब्जी-फल विक्रेताओं दोनों के लिए ही मददगार है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को इसमें सहभागी होने के लिए कहा है। अभी तक जिले में चार विक्रेताओं ने पंजीयन करा लिया है। छोटे-बड़े सभी सब्जी विक्रेता लॉगिन में जाकर अपना नाम, दुकान का नाम, सब्जी एवं फल के मूल्य एवं डिलिवरी ब्वॉय की जानकारी भरेंगे।

भारी मात्रा में महुआ लाहन और शराब बरामद

महासमुंद। पटेवा पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के पचरी में महुआ शराब तैयार करने रखे भारी मात्रा में लाहन और 20 लीटर महुआ शराब बरामद की। इससे पहले शनिवार को अलग-अलग थानांतर्गत 8 प्रकरण में पुलिस ने 36 लीटर शराब बरामद की थी। पुलिस के मुताबिक पचरी निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ बिहारी धृतलहरे पिता सोनसाय (40) के घर में अवैध रूप से शराब बनाने की सूचना के आधार पर घर की तलाशी ली गई। इस दौरान 20 महुआ शराब मिला। साथ में 6-7 प्लास्टिक डिब्बों में भरकर रखे महुआ पॉश को नष्ट किया। इसी तरह गांव के ही बसंत जोशी पिता वीरसिंग (36) के कब्जे से ढाई लीटर महुआ शराब बरामद की।

नलों के पेयजल का एच 2 टेस्ट

महासमुंद। वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद निखिलकान्त साहू ने बीटीआई रोड, पुराना मलेरिया ऑफिस, भलेसर रोड में सभी नलों में आ रहे पेयजल का एच 2 जांच की। जिसमें मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित थे।

फांसी पर लटकी मिली युवक की लाश

महासमुंद। खल्लारी थानाक्षेत्र के बीकेबाहरा में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान तेंदूकोना थानांतर्गत ग्राम बिजरापाली निवासी हीराधर पिता धरम यादव (32) के रूप में हुई। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने रमेश ध्रुव के खेत मेड़ में परसा झाड़ में युवक की लाश देखी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जलाशय काम के...

में बारिश के दिनों में ज्यादा पानी होने की स्थिति में पानी की ठीक तरह से निकासी के लिए स्लोपिंग का काम कराया जा रहा है। यहां लॉकडाउन के दौरान भी काम चालू है। लेकिन इसमें अनियमितता की झलक दिखाई देने लगी है। जिस ठेकेदार को ये काम सौंपा गया है उसके द्वारा जलाशय परिसर में बिना अनुमति स्टोन क्रेशर मशीन लगाकर जलाशय के पत्थरों को तोड़कर गिट्टी बनाई जा रही है ताकि इसे जलाश के उक्त निर्माण कार्य में इस्तेमाल किया जा सके। जबकि अबतक प्राप्त जानकारी के मुताबिक जलाशय परिसर में इस तरह से क्रेशर मशीन स्थापित करने और यहां के पत्थरों से गिट्टी बनाने के लिए अनुमति नहीं दी गई है। इसके लिए रॉयल्टी भी जरूरी होती है। लेकिन अब तक परिसर का गिट्टी खदान के रूप में ठेका होने की जानकारी नहीं है। कार्यकारी अभियंता पीके आनंद के मुताबिक यहां पार बनाने का काम चल रहा है।

जिम्मेदारों के रुख पर सवाल इसलिए भी

सप्ताह भर पूर्व ही जिले के कलेक्टर द्वारा उक्त स्थल का दौरा किया गया था, लेकिन ये बात समझ से परे है कि उनकी नजर इस अवैध गिट्टी क्रेशर पर क्यों नहीं पड़ी? पूरे मामले को लेकर जवाब जानने के लिए संवाददाता द्वारा कलेक्टर को उनके वाट्सप पर अवैध गिट्टी क्रेशर का वीडियो भेजा गया और उनके नंबर पर फोन भी लगाया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। जिले के खनिज अधिकारी को भी इस संबंध का वीडियो उनके वाट्ऐप पर भेजा गया, उन्होंने वीडियो देखा भी, लेकिन कॉल करने पर उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया।

निर्माण की गति बेहद धीमी

यहीं नहीं परिसर के लोगों का कहना है कि जलाशय पर किए जा रहे उक्त निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी है। वहीं ठेकेदार ने उक्त निर्माण में लगने वाली गिट्टी को खरीदने की बजाय खुद राजस्व वन भूमि पर गिट्टी बनाने स्टोन क्रेशर लगा लिया। जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार उक्त कार्य में हजारों क्यूबिक मीटर गिट्टी व रेत लगना है। लेकिन ठेकेदार ने अवैध तरह से बिना खरीदे ही करीब आधी गिट्टी की व्यवस्था कर ली और इसे निर्माण कार्य में लगा भी दिया। यदि ठेकेदार द्वारा यह गिट्टी बाजार से खरीदता तो इसके लिए लाखों रुपए का भुगतान करना पड़ता, क्योंकि बाजार में गिट्टी का मूल्य 25-30 हजार रुपए प्रति हाइवा है।

कटघोरा में बीमार...

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन लोगों को बालाजी ट्रॉमा सेंटर के आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है। ये लोगा यहां डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे। इस संबंध में कलेक्टर किरण कौशल ने स्थानीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और कोरोना संक्रमण को बढ़ने से रोकने तथा इसे नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कौशल ने कोरोना संक्रमित कोर एरिया से सभी गर्भवती महिलाओं, शून्य से छह माह तक के बच्चों वाली शिशुवती माताओं सहित सभी बुजुर्गों को भी सुरक्षित क्वारंटाइन सेंटरों में रखने के निर्देश दिये।

-इनकी सूची तैयार कर उन्हें अलग-अलग सुरक्षित क्वारंटाइन सेंटरों में भेजने की व्यवस्था की जाये।

-कलेक्टर ने आगामी एक-दो दिन बाद कोर एरिया के सभी घरों को भीतर से सोडियम हाइपोक्लोराइड सॉल्यूशन छिड़काव कर विसंक्रमिकृत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पूरे कटघोरा शहर को भी लगातार सेनेटाइज करते रहने के निर्देश दिए।

वाट्सएप पर ऑर्डर करने पर मिलेगी सब्जियां

बैठक में कलेक्टर कौशल ने अति आवश्यक सेवाओं में दवाई, राशन के साथ-साथ अब सब्जियों को भी शामिल कर दिया है। कोरोना प्रभावित कटघोरा के लोगों को अब सब्जियां, दवाई और राशन की तरह वाट्सएप्प ग्रुप पर ऑर्डर करने से घर बैठे मिल जाएंगी। सब्जियां तीन दिन और पांच दिन की जरूरत के हिसाब से पैकेट के रूप में मिलेगी। लोगों को इनके दाम घर पहुंच सेवा देने वाले वालिंटियर को होम डिलेवरी के वक्त चुकाने होंगे।

पहले कोरा एरिया में थी व्यवस्था अब पूरे शहर में : कोर एरिया में पिछले तीन दिन से घर-घर सब्जी पहुंचाने का काम एसडीएम सूर्यकिरण के समन्वय से वालिंटियरों एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा सावधानी से किया जा रहा है। यह प्रयोग सफल रहा है और अब कलेक्टर के निर्देश पर इसे लॉकडाउन पर चल रहे पूरे कटघोरा शहर में लागू किया जा रहा है।

MUNICIPAL COUNCIL, SARAIPALI
E-Procurement Tender Notice (1st Call)
SYSTEM TENDER NO: 62727 NIT NO: SARAIPALI, dated 16.04.2020
Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 06.05.2020 at 17.30 Hours

Sl. No.	Description	Cost of Tender/Bid Submission Frees
1	Selection of Placement Agency for supply of labour of different categories (Skilled and unskilled) For FY 2020-21	(1) Rs 50,00,000.00 (2) Rs 311/-

The datails can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement portal *http://eproc.cgstate.gov.in* From 16.04.2020 at 17:30 Hours (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.
CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL
SARAIPALI (C.G.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

न्यूज गैलरी

किरंदुल में नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा सैनिटाइजेशन

किरंदुल । नगर प्रशासन के द्वारा के हर संभव कोरोना वायरस से लड़ने पहल की जा रही हैं । नगर में स्वच्छता पे विशेष ध्यान दिया जा रहा है साथ ही पूरे नगर में फॉगिंग करवाई जा रही है वही आज वार्ड क्रमांक 01 और 02 रामपुर कैंप और शुभाष नगर को पूरी तरह से सैनिटाइज़ किया गया । इस विषय में मख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नेताम ने बताया कि हमारे द्वारा कोरोना वायरस से लड़ने हर संभव नगर को कोरोना से बचाने पहल किया जा रहा हैं चाहे वह सफाई के क्षेत्र में हो या सैनिटाइज़ करने । नगर के 12 श्रम वार्डो में सैनिटाइज का काम वर्तमान में किया जा रहा हैं ।

विभिन्न संस्थाओं एवं पूर्व पार्षद पाटले ने राहत कोष में दी सहायता राशि

कोण्डागांव। कोरोना आपदा से उत्पन्न संकट में मदद के लिए जनप्रतिनिधि व्यवसायी वर्ग एवं सामाजिक संगठनो संग नौकरीपेशा वर्ग भी लगातार राहत कोष में दान देते सहयोग करते नजर आ रहा है। जिला आपदा सहायता कोष में जनप्रतिनिधियों,संस्थाओं एवं व्यक्तिगत दानदाताओं द्वारा लगातार जिला प्रशासन के समक्ष उपस्थित हो ,कोविड-19 से लड़ने के लिए प्रषासन को साथ खड़ा नजर आ रहा है। समाज का हर वर्ग मदद के लिए एकजुट और तत्पर हो चला है। ज्ञात हो कि कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसमें सहयोग का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी कड़ी में पूर्व पार्षद सुरेश पाटले द्वारा 11 हजार, गुजराती समाज द्वारा 21 हजार, इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रानिक एसोसियेषन द्वारा 11 हजार, व्यवसायी विकल माने द्वारा 5100 श्रीमती ज्योति जैन एवं आर.के.जैन द्वारा 11 हजार, मण्डी गल्ला व्यापारी संघ द्वारा 51 हजार, श्रीमती मधु तिवारी द्वारा 11 हजार, नगरपालिका महिला स्व-सहायता समूह द्वारा 5 हजार की सहयोग राशि जिला आपदा सहायता कोष में जमा कराई गई है। कलेक्टर नीलकंठ टीकाम ने सहयोग के लिए सभी संगठनो व्यक्तियों व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है।

छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति ने किया अन्न दान

बचेली । लाकडाउन में जरूरत मंद लोगो के भोजन की व्यवस्था हेतु नगर के खाद्य भंडार में आज बचेली छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति के द्वारा तहसील कार्यालय बचेली को सूखा राशन समाग्री जिसकी कुल कीमत 11000/ रुपये तहसीलदार श्री पीआर पात्र सर को प्रदान किया गया। राहत साम्रगी दान करते समय समिति के अध्यक्ष श्री अमृत लाल यदु,संग़ठन सचिव भूपेंद्र साहू ,कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह एवं साथ मे समिति के महासचिव श्री के.एल. वर्मा उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष श्री अमृत लाल यदु एवं पदाधिकारियो ने बचेली के समस्त नागरिको से अनुरोध किया है कि सब लोग आगे आकर असहाय लोगो का इस विकट परिस्तिथि में बढ़चढ़कर सहयोग करें लॉक डाउन के नियमो का पालन करे एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करे।

लॉक डाउन के दौरान मनरेगा से 25 हजार परिवारों को मिल रहा रोजगार: तूलिका

बैकुंठपुर। लाकडाउन के दौरान शासन के निर्देशानुसार ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा से रोजगार मूलक कार्य निरन्तर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का साधन उपलब्ध हो रहा है जो कि लॉक डाउन में संजीवनी से कम नही वही लगातार गांव गांव में व्यक्तिगत और सामुदायिक हित के संसाधन निर्माण भी हो रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तूलिका प्रजापति ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत जिले में लाकडाउन के दौरान प्रतिदिन औसतन लगभग 25 हजार पंजीकृत श्रमिक अकुशल श्रम में नियोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मार्च अंतिम सप्ताह से जारी लाकडाउन से लेकर अब तक जिले में कुल 25 हजार 786 परिवारों द्वारा रोजगार की मांग की गई जिन्हें उनके ही ग्राम पंचायत में रोजगार उपलब्ध कराए गए। इन परिवारों का मासटररोल जारी कर रोजगार उपलब्ध कराने में अब तक एक लाख से ज्यादा मानव दिवस का सृजन हुआ है।

भालुओं ने महिला के सिर व कूल्हे को नोंचा, हालत गंभीर

■ **जिला अस्पताल में महिला का इलाज जारी**

कोरबा। बालकोनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलाकछार में सोमवार सुबह चार भालुओं ने एक महिला पर हमला कर दिया। भालुओं ने महिला के सिर को नोंचा है। हालत गंभीर है।

जानकारी के मुताबिक बालकोनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेला के जंगल में सोनारी बाई पति रामभरोस उम्र 50 वर्ष की महिला सुबह दिशा मैदान के लिए गई हुई थी। इस बीच चार भालुओं ने उस पर हमला कर दिया। महिला की उम्र 50 वर्ष है, भालुओं के हमले से महिला चिल्लाने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ ग्रामीण व बालकोनगर लोकेशन बेला ग्राम पंचायत आरक्षक राकेश मेहता की नजर उस पर पड़ी। भालुओं को वहां से खदेड़ा गया। लेकिन तब तक भालू ने महिला को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। महिला को भालुओं ने बुरी तरह से नोंच डाला है। डायल 112 को इसकी जानकारी दी गई। 112 की टीम सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची। उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इलाज जारी है।

वन विभाग की टीम ने दी तत्कालीन सहायता राशि: वन विभाग बालको से मिली जानकारी के अनुसार भालू के हमले से घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल महिला को वन विभाग के तरफ से तत्कालीन सहायता राशि प्रदान की गई है।

> सोमवार की सुबह बेला की एक महिला पर भालुओ ने हमला कर दिया है। घायल महिला को अस्पताल दाखिल करा कर उपचार कराया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल महिला के परिजनों को वन विभाग से मिलने वाली तत्कालीन सहायता राशि दे दी गई है।
>
> **एल डी रात्रे,** वन परिक्षेत्राधिकारी बालको

यात्री गाड़ियों के बंद होने से ट्रैक खाली, फिर भी कोयला रैक में कमी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । लॉकडाउन से जहां एक ओर लोग परेशानी महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोको पायलट खुश हैं। इसकी मुख्य वजह यात्री गाड़ियां नहीं चलने से ट्रैक खाली है, ऐसी स्थिति में गुड्स ट्रेन धड़धड़ाती दौड़ रही है। इसके बाद भी फेरे बढ़ने की जगह मालगाड़ी की रैक की संख्या घट गई है। आम दिनों में 37 रैक कोयला प्रतिदिन कोरबा से रवाना होता था, अब केवल 32 रैक ही निकल रहे। इसका प्रमुख कारण निजी कंपनियों के मजदूरों के काम में नहीं पहुंचना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन का कोरबा रेलखंड सबसे अहम माना जाता है। इस रेलखंड से रेलवे को कोयला लदान से सर्वाधिक राजस्व मिलता है। रेलवे प्रतिदिन 37 रैक कोयला लदान करता है। जो गेवरा, दीपका, कुसमुंडा तथा एसईसीएल कोरबा एरिया के मानिकपुर तथा सुराकछार साइडिंग से लदान होता है। इसके साथ ही कोलवाशरी से भी कोयला लदान हो रहा है। कोरबा समेत प्रदेश के अन्य जिलों एवं दीगर प्रदेश में स्थित पावर प्लांट में एसईसीएल की खदानों से कोयला आपूर्ति की जा रही है। इन स्थानों तक कोयला मालगाड़ी पहुंचने में काफी वक्त लगता था, पर वर्तमान में मालगाड़ी धड़धड़ाती हुई रेलपांत पर दौड़ रही है। इंजन चालक को सिर्फ सिग्नल का इंतजार रहता है और लाइन क्लीयर मिलने पर मालगाड़ी नानस्टॉप अपनी मंजिल की ओर दौड़ जाती है। रेलवे से जुड़े लोगों का कहना है कि भले ही पहले की अपेक्षा सफर कम समय में पूरा हो रहा है, पर कोयला लदान नहीं होने से परिवहन कार्य बाधित हुआ है। लॉकडाउन से साइडिंग में निजी कंपनियों के मजदूर कम होने के कारण लोडर से कोयला लोड करने के काम पर असर पड़ा है।

सुपरफास्ट समेत एक दर्जन सवारी गाड़ी बंद

कोरबा रेल खंड में सुपरफास्ट समेत एक दर्जन सवारी गाड़ियों का परिचालन होता है। इसमें कोरबा से तिरुअनंतपुरम, कोरबा से यशवंतपुर वैनगंगा सुपरफास्ट, कोरबा से विशाखापट्टनम, गेवरारोड-कोरबा से अमृतसर पैसेंजर कम एक्सप्रेस, गेवरारोड-कोरबा से इतवारी शिवनाथ पैसेंजर कम एक्सप्रेस, कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस समेत रायपुर, बिलासपुर के लिए चलने वाली पैसेंजर व मेमू लोकल ट्रेन शामिल हैं। वर्तमान में इन सभी ट्रेन का परिचालन बंद होने से ट्रैक पूरी तरह खाली पड़ा हुआ है और मालगाड़ियां निर्बाध रूप से चल रही हैं।

फैक्ट फाइल

रेलखंड की गाड़ियां
- 02- सुपरफास्ट
- 02- एक्सप्रेस
- 02- पैसेंजर कम एक्सप्रेस
- 03- पैसेंजर
- 03- मेमू लोकल

ट्रांसपोर्ट नगर क्रॉसिंग में नहीं पड़ रहा रुकना

स्टेशन यार्ड में जगह नहीं होने से मालगाड़ियों को विभिन्न स्थानों पर रोक दिया जाता था। इसके लिए कोरबा-गेवरारोड स्टेशन के मध्य कई स्थान पर सिग्नल लगाया गया था। इसी तरह बाल्को तथा विद्युत कंपनी के संयंत्र में कोयला आपूर्ति करने के बाद ट्रांसपोर्ट नगर क्रॉसिंग के पास मालगाड़ी कई घंटे तक खड़ी रहती थी। अब स्टेशन यार्ड में गाड़ी नहीं होने से ट्रेन सीधे स्टेशन पहुंच रही हैं। इससे चालकों को भी अनावश्यक परेशानी से मुक्ति मिल गई है।

गुड्स ट्रेन पहुंचा रही सामान

लॉकडाउन की अवधि में आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रबंधन ने आधा दर्जन से भी ज्यादा गुड्स ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक चावल, अनाज, खाने का तेल, चीनी, डेयरी प्रोडक्ट, फल समेत अन्य सामान जिम्मेदारी के साथ बखूबी से पहुंचा रही है। कोरबा से दुर्ग के मध्य भी एक जोड़ी गुड्स ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है, जो सामान लेकर सुबह कोरबा आती है और शाम चार बजे वापस रवाना हो जाती है।

शराब के नशे में धुत्त होकर किया सब्बल से हमला , गंभीर रूप से घायल युवक रायपुर रेफर

बचेली। रविवार की रात तकरीबन 8 बजे रेलवे कॉलोनी के स्कूल पारा में शराब के नशे में हुई झड़प के बाद मुण्डरा कैम्प निवासी रामा मंडावी ने सब्बल से सर पर जानलेवा हमला कर 32 वर्षीय हरि खमारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया और घायल युवक को सड़क पर छोड़कर भाग निकला । स्थानीय लोगो की मदद से बुरी तरह घायल हो चुके हरि को अपोलो अस्पताल बचेली में भर्ती कराया गया जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया । इधर पुलिस को सूचना मिलते ही बचेली थाना प्रभारी मनीष नागर अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों का बयान लेकर आरोपी रामा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया । बताया जा रहा है कि दोनों ने साथ मे ही शराब पी एवम अज्ञात कारणों से विवाद के बाद दोनों की बीच झड़प शुरू हो गई थी । अस्पताल के चिकित्सक प्रशासक के मुताबिक सर पर 2 गंभीर चोटे आई है सर के हड्डी भी टूट गई है सर की चोट से मरीज का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो चुका है न्यूरो सर्जन के द्वारा उचित उपचार से मरीज स्वस्थ हो सकेगा । मरीज को तत्काल रेफर करने की सलाह परिजनों को दी गई है ।

चेंबर ऑफकॉमर्स के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बदला अपना फैसला

बचेली। आर्थिक मंदी से जूझ रहे व्यापारी वर्ग के लिए राहत की खबर। लॉकडाउन में ऑनलाइन बिजनेस प्रारंभ करने के फैसले का छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स द्वारा लगातार तीन दिन से विरोध किया जा रहा था। जिसके फलस्वरूप केंद्र सरकार ने अपना फैसला बदलते हुए ऑनलाइन गैर जरूरी सामानों के बिजनेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छत्तीसगढ़ चेंबर द्वारा संबंधित अधिकारी,जनप्रतिनिधि,प्रशासन,शासन सब से बातचीत की जा रही थी जिसके बाद ऑनलाइन बिजनेस का निर्णय वापस लिया गया। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी गृह मंत्री अमित शाह जी एवं अन्य मंत्री मंडल का सभी व्यापारी बंधुओं की तरफसे आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। वही बचेली में दंतेवाड़ा जिले के चेम्बर प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी ने बताया कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से निश्चित रूप से व्यापारियों को आने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी केंद्र सरकार ने व्यापारियों की समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया है जो कि स्वागत योग्य है। हमारे प्रदेश के चेंबर के अध्यक्ष श्री जितेंद्र बरलोटा जी ,महामंत्री गुलबानी जी प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल चेंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी पूरणमल अग्रवाल ने पुरजोर कोशिश की एवं जीत हासिल हुई यह जीत व्यापारियों की जीत है इसके साथ चेंबर उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी ने सभी व्यापारी वर्ग का समर्थन किये जाने को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया है एवं भविष्य में चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा व्यापारियों के हित में इसी प्रकार कार्य किए जाने का भरोसा भी दिलाया है।

क्वारेंटाईन सेंटर में होगी खान-पान, सफाई और स्वास्थ्य जांच की समुचित व्यवस्था

कोरबा । कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों को क्वारेंटाईन सेंटर से संबंधित शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश और प्रोटोकाल का पूरा पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती कौशल ने कहा कि क्वारेंटाईन सेंटर में रखे गये लोगों को किसी भी स्थिति में उनके कमरे से बाहर निकलने की अनुमति न दी जाये। उनके विचरण पर कड़ी निगरानी रखी जाये और उनके खान-पान की व्यवस्था उनके ही कमरे में उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कमरे में पीने की पानी की समुचित व्यवस्था की जाये। क्वारेंटाईन सेंटर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाये, जिससे वहां मौजूद लोग बाहर निकलने का प्रयास न कर सकें। कलेक्टर ने क्वारेंटाईन सेंटर में उपस्थित मेडिकल टीम को कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सेफडिलेवरी किट पहनकर ही मौजूद लोगों की निगरानी तथा देखभाल करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती कौशल ने कहा कि दिन में दो बार क्वारेंटाईन सेंटर में रखे गये लोगों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जायेगी। जिससे कोरोना के लक्षण आने पर तत्काल उन्हें आइसोलेशन में रखने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि रमजान के माह पर क्वारेंटाईन सेंटरों में रखे गये मुस्लिम समुदाय के रोजा रखने वाले लोगों के लिए खान-पान की व्यवस्था उनकी परंपरा के अनुरूप की जाये।

सरकारी राशन दुकानों में पहुंचेगा दो माह का सस्ता चना

कोरबा। कोरोना संकट में लॉकडाउन से जूझ रहे गरीब परिवारों के लिए अच्छी खबर है। अप्रैल और मई माह का चना 2.45 लाख परिवारों को मिलेगा। चने का भंडारण वेयर हाउस गोदाम में सोमवार से शुरू होगा। जिले के 450 सरकारी राशन दुकानों में वितरण सप्ताहभर के भीतर शुरू हो जाएगा। शासन से आवंटन नहीं आने के कारण अब बीपीएल परिवारों को केवल चावल, शक्कर और नमक ही मिल रहा था।

लॉकडाउन के चलते आर्थिक तंगी झेल रहे लोगों को उस समय झटका लगा था जब सरकारी राशन दुकान में चावल लेने गए हितग्राहियों को दुकान संचालकों ने यह बताया कि शासन से आवंटन नहीं आने के कारण उन्हें सस्ता चना उपलब्ध नहीं होगा। अब जबकि भंडारण की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो रही है, ऐसे में लोगों को काफ?ी सहूलियत होगी। जिले में दो लाख 45 हजार परिवार हैं। प्रति माह शासन की ओर से प्रत्येक परिवार को दो किलो चना प्रदाय किया जाता है। प्रति वर्ष वित्तीय वर्ष समापन के पश्चात शासन की ओर से चना वितरण के लिए नया एजेंसी तय किया जाता है। इससे वितरण बाधित रहता है। लॉकडाउन के संकट में चना वितरण नहीं होने से आश्रित हितग्राहियों के लिए पूरक आहार की समस्या हो रही थी। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की मानें तो शासन से आवंटन का आदेश जारी हो चुका है। गोदाम में भंडारण के पश्चात तत्काल दुकानों में हितग्राहियों को वितरण के लिए भेजा जाएगा। दुकानों तक चना परिवहन के लिए नागरिक आपूर्ति निगम की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है।

केंद्र सरकार के राशन का इंतजार: राज्य शासन के अलावा केंद्र सरकार ने भी प्रत्येक परिवार को पांच किलो चावल अथवा गेहूं नि:शुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की है, जिसका हितग्राहियों को बेसब्री से इंतजार है।

फिर लगानी पड़ेगी लंबी दौड़

चावल के लिए हितग्राही पहले ही राशन दुकानों की चक्कर लगा रहे थे। अब जबकि चने का भंडारण हो रहा है, ऐसे में उन्हें फि?र से दुकान आना पड़ेगा। फि?जिकल डिस्टेंस का उल्लंघन होगा। वितरण को लेकर दुकान संचालक कह रहे हैं कि टोकन सिस्टम से चने का वितरण किया जाएगा। कोरोना हॉट स्पॉट कटघोरा और छुरी में लोगों को जिस तरह से चावल पहुंचा कर दिया गया है, उसी तरह चना भी पहुंचा कर दिया जाएगा।

कहां, कितनी दुकानें

ब्लॉक	दुकान
कोरबा शहरी	33
कोरबा ग्रामीण	72
करतला	73
कटघोरा शहरी	27
कटघोरा ग्रामीण	53
पोड़ी-उपरोड़ा	100
पाली	92

> बीपीएल हितग्राहियों के लिए चने का आंवटन अप्रैल माह से ही किया जाएगा। इसके लिए शासन से आदेश जारी हुआ है। सोमवार से वेयर हाउस गोदामों में चने का भंडारण शुरू हो जाएगा। आगामी सप्ताह से दुकानों में आवंटन भी शुरू हो जाएगा।
>
> **रमेश तिवारी,** प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम

नगरपालिका द्वारा असहाय लोगों को दिया जा रहा सूखा राशन

बचेली। कोरोना वाइरस के चलते लाकडाउन की वजह से लोगो को रोजी रोटी का जो संकट आ रहा है। उसको देखते नगरपालिका प्रशासन द्वारा खाद्य बैंक का निर्माण किया गया था जिसमे नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा लोगो से सहायता की अपील की गई थी जिसके बाद स्थानीय लोगो ने एवं एनएमडीसी ने बढ़चढ़कर अन्न दान किया आज उन्ही असहाय,बेसहारा लोगो को नगरपालिका द्वारा राशन वितरण किया जा रहा है। राशन वितरण प्रभावितों को चिन्हित कर सोशल डिस्टेंस के नियम का पालन करवाकर,हाँथ धुलवाकर किया जा रहा है। इस राशन वितरण कार्यक्रम में नगरपालिका सीएमओ श्री आईएल पटेल ,नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव,उपाध्यक्ष श्री उस्मान खान,इंजीनियर श्री प्रवीण साहू सहित जनप्रतिनिधियों एवं नगरपालिका कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

मध्यप्रदेश के भोपाल,छग के कोरबा से गुजरकर पहुँची बचेली प्रशासनिक अधिकारियों में मचा हड़कंप

2 हॉटस्पॉट जोन पार कर बचेली पहुंची पुलर वाहन

■ **थाना प्रभारी की सतर्कता से मामला हुआ उजागर**

बचेली। लॉक डाउन के चलते लोगों को ईलाज , विवाह , शिक्षा , अन्तिमसंस्कार जैसे अतिआवश्यक कार्यो के लिए जिले से बाहर निकलना या वापस आने की अनुमति मिलना आम और खास लोगो के लिए नामुमकिन हो गया है वही प्रशासनिक लापरवाही से बैंगलोर की पुलर वाहन क्रमांक के.ए 01 ए.बी 3735 में सवार 03 लोगो का भोपाल , कोरबा , रायपुर होते आश्चर्यजनक रूप से बचेली में पहुंचना मुख्य मार्गो में तैनात पुलिस नाकाबंदी की पोल खोल देती है । हालांकि बचेली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते अन्य राज्य की पंजीकृत वाहन को तत्काल रोककर पूछताछ की जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ कि बचेली एनएमडीसी माइनिंग विभाग के उच्चाधिकारी के अनुमति से लॉकडाउन में आर.ई.एल कंपनी के अधिकारी ने अपनी वाहन को खींचकर माइंस तक ले जाने के लिए बुलाया था जो कई सप्ताह से फुटबॉल ग्राउंड के पास खड़ी है ये भी लॉक डाउन का उलंघन माना जा रहा है ।

यहां गौरतलब है कि वाहन अथवा वाहन सवार लोगो के पास किसी भी प्रकार की अनुमति नही है जिससे कि अन्य प्रदेश या जिले से आने जाने की छूट प्रदान की जा सके बावजूद इसके रायपुर से बस्तर के दो सबसे सतर्क थानों भानपुरी और कोडेनार को भी चकमा देकर बिना अनुमति के विनायक ट्रांसपोर्ट बैगलुरू के पुलर चालक बचेली आ पहुंचे पर न तो आर.ई.एल और ना ही एनएमडीसी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी पुलिस और प्रशासन को देना जरूरी नही समझा। गाड़ी बुलाने वाले आर ई एल कंपनी अथवा एनएमडीसी का कोई भी अधिकारी अब इस वाहन को लॉक डाउन में बुलाये जाने से पल्ला झाड़ रहे है । शनिवार देर रात सभी तीनो लोगो

54 वर्षीय सत्यनारायण शर्मा पिता गणेश नारायण शर्मा नागौर राजस्थान,28 वर्षीय बड़े लाल गुप्ता पिता नंदलाल गुप्ता यूपी,19 वर्षीय प्रदीप गुप्ता पिता रामा गुप्ता यूपी को केंद्रीय विद्यालय भवन में आइसोलेशन में रखा गया है अब प्रशासनिक अधिकारी कार्यवाही बात कर रहे है पुलिस कार्यवाही करने प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश का इंतज़ार कर रही है वही क्वारन्टीन हुए लोग काम खत्म कर वापस जाने की बात कह रहे है ।

पुलर के मालिक बेंगलोर निवासी कृष्णा मूर्ति ने बातचीत के दौरान बताया की वाहन भोपाल से निकलकर कब कोरबा,रायपुर होते हुए निकली है इसकी जानकारी ड्राइवर को ही होगी।

न्यूज गैलरी

फेसबुक आईडी हैक कर अज्ञात ने दोस्तों से की ठगी, जांच जारी

महासमुन्द। शहर के एक युवक की फेसबुक आईडी हैक कर दो दोस्तों के साथ ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित दोस्तों ने इसकी शिकायत पुलिस में की है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। शहर के क्लब्पारा निवासी शैलेंद्र सिंह बैस ने पुलिस को बताया है कि उसकी फेसबुक आई डी हैक कर किसी अज्ञात ने उसका बीमार होना बताकर युवक के दो दोस्तों से उसके फर्जी एकाउंट नम्बर पर ऑनलाइन रुपये जमा कराने की मांग की। इस पर दोस्तों ने करीब 50 हजार रुपए उक्त अकाउंट पर टांसफर किया।

पानी में क्लोरीन की मात्रा कम पाए जाने पर नोटिस जारी की

रायपुर। नगर निगम रायपुर के आयुक्त सौरभ कुमार ने निगम सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से नगर निगम के सहायक अभियंता पीडी घृतलहरे एवं उपअभियंता योगेष यदु को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के आदेश दिये है। नगर निगम रायपुर क्षेत्र में कोरोना वायरस एवं पीलिया की रोकथाम हेतु सहायक अभियंता घृतलहरे एवं उपअभियंता यदु की ड्यूटी 80 एमएलडी फिल्टर प्लांट के सभी फिल्डर बैड्स की नियिमत रूप से प्रतिदिन 2 बार बैकवॉष की कार्यवाही तथा बैड्स नंबर सहित रजिस्टर संधारित कर प्रविष्टि करने हेतु क्रमषः प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक, प्रातः 6 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि 8 बजे तक नियत थी।

महापौर ने पूर्व महापौर संतोष अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। रायपुर नगर निगम के मुख्यालय में महापौर कक्ष में रायपुर शहर के पूर्व महापौर संतोष अग्रवाल को आकस्मिक निधन पर राजधानी के प्रथम नागरिक महापौर एजाज ढेबर ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से गहन शोक व्यक्त करते हुए आदरांजलि अर्पित की।

राजनांदगांव जिले में मप्र से लाई 13 लाख की शराब जब्त, छह गिरफ्तार

■ आधा दर्जन आरोपी अभी भी फरार, तलाश जारी

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में लॉकडाउन पीरिएड में शराब दुकानों में लगे तालों ने अंतरराज्यीय तस्करों को राजनांदगांव जिले के वनांचल क्षेत्रों में सक्रिय कर दिया है। जिले के खैरागढ़ से लेकर डोंगरगढ़, घुमका, मोहला आदि थाना क्षेत्रों में विगत एक सप्ताह में पुलिस ने 340 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब सहित आरोपियों को अपनी गिरफ्त में लिया है। इसके अलावा इन्हीं क्षेत्रों में कच्ची महुआ शराब बेचने वाले भी सक्रिय हुए हैं और उन्हें भी पुलिस ने दबोचा है। कुल 13 लाख की शराब की जब्ती मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने एक प्रेस वार्ता में किया है। छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभी भी 6-7 लोगों को पुलिस ढूंढ रही है, जो फरारी काट रहे हैं।

मप्र से लाकर किया था डंप

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस को एलर्ट किया गया था। 340 पेटी अवैध गोवा अंग्रेजी शराब को शौकीनों तक पहुंचाने सक्रिय तस्करों द्वारा शराब को मध्यप्रदेश के धार जिले से परिवहन कर छत्तीसगढ़ लाया गया और अलग-अलग स्थानों में डंप किया गया था। जानकारी लगने पर पुलिस ने थाना प्रभारी डोंगरगढ़ एलेक्जेंडर कीरो, थाना प्रभारी घुमका राजेश साहू, थाना प्रभारी खैरागढ़ लोमेश सोनवानी तथा चिखली चौकी प्रभारी जहीर अहमद के नेतृत्व में टीमें बनाकर तस्करों को दबोचने अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा गया था।

जंगल से होते हुए पहुंची थी शराब

शुक्ला ने बताया कि दो दिन पूर्व रात में सूचना के आधार पर खैरागढ़ में घेराबंदी कर तीन तस्करों एवम 15 पेटी शराब को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया था। इसी तरह ग्राम कलेवा थाना घुमका में भी पुलिस ने आरोपी भूपेश कोसरे को गिरफ्त में लेकर 15 पेटी गोवा शराब जप्त की थी। इसी आरोपी ने पूछताछ में मनीष सोनी का नाम बताया था। यह भी पता चला था कि तस्करों द्वारा गातापार जंगल होते हुए शराब लायी जाती है।

मनीष सोनी करता था सप्लाई

अवैध रूप से शराब लाने का काम आपूर्तिकर्ता मनीष द्वारा ही किया जाना भी सामने आया। इसी तरह अलग-अलग लोगों को शराब पहुंचाने के बाद वसूली का काम ईश्वर द्वारा किया जाता था। पुलिस को सबसे बड़ी सफ्लता 17 अप्रैल की रात हाथ लगी, जब खैरागढ़ थाना क्षेत्र में उन्हें 270 पेटी शराब जप्त करने में कामयाबी मिली।

मास्टर माइंड फरार

पूरे तस्करी मामले का मास्टर माइंड मनीष राजपूत निवासी गातापार थाना खैरागढ़ अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और फरार है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह में शामिल मनीष सोनी पिता स्व. परमानंद सोनी (31), निवासी मोहरा, थाना डोंगरगढ़, ईश्वर साहू पिता स्व. भिखारी साहू (40) निवासी डोंगरगढ़, भीषम वर्मा पिता विजय लाल (25) निवासी ग्राम कलेवा थाना घुमका, भूपेश कोसरे पिता टीकम कोसरे (23) निवासी ग्राम बोरी थाना लालबाग, प्रकाश यादव पिता सुखदेव यादव (25) निवासी ग्राम कलेवा थाना घुमका, पूरन वर्मा पिता स्व. रामलाल वर्मा (38) निवासी ग्राम मोहरा थाना डोंगरगढ़ को अपनी गिरफ्त में लेकर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का जुर्म दर्ज कर उन्हें रिमांड पर भेज दिया है।

मनीष का पता लगाने वाले 5 हजार का इनाम

अंतर्राज्यीय शराब तस्कर मनीष राजपूत का पता बताने वाले शख्स को पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने 5000 रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की है। पकड़े गए आरोपियों के अनुसार मनीष राजपूत ही तस्करी का मुख्य सरगना है। जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि अगले छह माह पुलिस विशेष अभियान चलाते हुए जिले को अवैध शराब बेचने वाले तस्करों से मुक्त कराने का प्रयास करेंगी। यदि ऐसा होता गई तो यह बड़ी उपलब्धि होगी।

नदी पार कर हाथियों का झुंड पहुंचा आरंग के ग्राम राटकाट

आरंग (नवप्रदेश)। क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों की आमद हुई है। बीती रात महानदी पार कर हाथियों के क्षेत्र में घुसने की ख़बर थी। इसके बाद महानदी के किनारे राटाकाट गांव में ग्रामीणों ने दो हाथियों को देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। वन विभाग और पुलिस हाथियों के गतिविधियों पर नज़र बनाए हुए हैं। ज्ञात हो कि अकसर गर्मियों के दिन नदी पार कर जगली हाथी आरंग के आस पास आ जाते है।

सरकार ने वनोपज खरीदी में महिलाओं को दी कमान

भूपेश सरकार का उपहार, वनोपज बेचने अब नहीं है बाजार का इंतजार

■ संग्राहकों को 71 लाख 82 हजार रूपये का नकद भुगतान

नवप्रदेश संवददाता

कांकेर। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने लघु वनोपज खरीदी में महिलाओं को कमान सौप दिया है। महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य महिलायें गांव-गांव में वनोपज की खरीदी कर रहें है तथा संग्राहकों को वनोपज का नकद भुगतान भी कर रहे हैं, इस कार्य में उन्हें वन अमला का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों को अब अपने द्वारा संग्रहित वनोपज जैसे-ईमली, महुआ, हर्रा, बेहड़ा, कालमेघ, नागरमोथा, कुल्लू गोंद, धंवई पुल्, भेलवा इत्यादि वनोपज को बेचने के लिए साप्ताहिक बाजार का इंतजार नहीं करना पड़ रहा है, उनकी जब इच्छा होती है अपने गांव के महिला स्व-सहायता समूह को वनोपज बेचकर वाजिब कीमत प्राप्त कर रहें है और इस प्रकार वे बिचौलियों के चुंगल से भी मुक्त हो चुकें है। पखांजूर तहसील के नक्सल प्रभावित गांव मरोड़ा के ग्रामीण रूसी नवगो ने सरकार इस व्यवस्था पर खुशी का ईजहार करते हुए स्थानीय बोली में कहा कि महुआ बेचने के लिए मुझे अब बाजार जाने की जरूरत नहीं पड़ती, अपने गांव मे ही महिला स्व-सहायता समूह को सही तौल में महुआ बेचकर नकद राशि प्राप्त कर रहा हूॅं, साहाब लोगो ने बताया है कि स्व-सहायता समूह के पास वनोपज बेचने से भविष्य में मुझे बोनस भी मिल सकता है। इसी प्रकार के विचार गांव की महिला बारोबाई नवगो एवं रैजीराम नुरूटी ने भी व्यक्त किये।

गौरतलब है कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा गांवों में वनोपज की खरीदी की जा रही है। कांकेर जिले के तीनों वनमण्डल कांकेर, पूर्व भानुप्रतापपुर एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर को मिलाकर 205 लघु वनोपज सहकारी समितियों के 10 हजार 985 संग्रहकों से अब तक 03 हजार 642 क्विंटल 26 किलोग्राम वनोपज की खरीदी की गई है, जिसके लिए संग्राहकों को 71 लाख 82 हजार 782 रूपये का नकद भुगतान किया गया है। जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर अंतर्गत 124 समिति के 04 हजार 454 संग्राहकों से 1,510 क्विंटल 53 किलोग्राम वनोपज की खरीदी की गई है, जिसके लिए 29 लाख 34 हजार 406 रूपये का नकद भुगतान किया गया है। पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल के 40 समितियों में 1285 क्विंटल 36 किलोग्राम वनोपज की खरीदी किया गया है, जिसके लिए 02 हजार 984 संग्राहकों को 30 लाख 46 हजार 376 रूपये का भुगतान किया गया है।

तेलंगाना से पैदल लौटते में हुई मृत बच्ची की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव

मृतक बच्ची जमलो का पोस्टमार्टम तीन दिनों बाद आज हुआ

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिले के ग्राम आदेड 12 वर्ष की जमलो मडकामी अपने ही गांव के कुछ लोगों के साथ रोजगार की तलाश में आज से 02 महीने पहले मिर्ची तोड़ने तेलंगाना के पेरूर गांव गई हुई थी। लॉकडाउन 02 लगने के बाद 16 अप्रैल को तेलंगाना से वापस मासूम बच्ची अपने साथियों के साथ बीजापुर के लिए पैदल ही रवाना हुई। करीब 100 किमी का जंगली सफर पैदल तय कर 12 प्रवासी मजदूरों का दल 18 अप्रैल को बीजापुर के मोदकपाल तक किसी तरह पहुंच ही पाया था। इसी दौरान डिहाइड्रेशन का शिकार होकर बच्ची जमलो की मौत हो गई। प्रशासन ने बच्ची के शव के साथ तेलंगाना से आ रहे मजदूरों को भी क्वरंटाइंन कर दिया। इसकी खबर लगते ही बच्ची के पिता आंदोराम मडकम और मां सुकमती मडकम जिला चकित्सालय बीजापुर पहुंचे। मौत के तीन दिनों बाद आज बच्ची के शव का पोस्टमार्टम बीजापुर में हुआ जिसके बाद जमलो के शव को उसके मां-पिता को सौंपा दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर डॉ बीआर पुजारी ने बताया कि तेलंगाना से पैदल लौट रहे मजदूरों के दस्ते में से एक बच्ची के मौत की खबर लगते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम बच्ची के शव को बीजापुर लाने के साथ ही उनके साथ पैदल सफर कर रहे सभी मजदूरों को क्वरंटाइन कर लिया गया। एहतियात के तौर पर शव का कोरोना टेस्ट के लिए सैंपल भी भेजा गया था, जिसका रिपोर्ट निगेटिव आया है। डॉ. पुजारी संभावना व्यक्त करते हुए बताया कि गर्मी कि वजह से शरीर में पानी की कमी होने की से बच्ची की मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्ची के मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगा।

माँ भारती विद्या मंदिर स्कूल के शिक्षकों को दिया गया 15 दिन का राशन

रायपुर। कोटा स्थित माँ भारती विद्या मंदिर स्कूल के संचालक डॉ विद्याकान्त त्रिवेदी,उप संचालक डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी व प्रधानाचार्य श्रीमती प्रभा त्रिवेदी व सचिव डॉ उपेंद्र त्रिवेदी ने विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षकों को 15 दिनों का राशन भेट किया ताकि इस लॉकडाउन के अवधि में सभी शिक्षक अपने परिवार की देख रेख कर सके, विद्यालय के संचालक डॉ विद्याकान्त त्रिवेदी ने बताया कि यहां शुरू से ही आर्थिक रूप से कम सप्पन्न घर के बच्चो को शिक्षा दी जाती,सेवा के नाम से ही इस विद्यालय की शुरुवात की गयी थी, डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी ने बताया कि हमारे विद्यालय की शिक्षक निःस्वार्थ भाव से सेवा देते है।

84 स्थानीय ग्रामीण मजदूर जंगलों के रास्ते से पैदल पहुंचे

नवप्रदेश संवाददाता

सुकमा। लॉकडाउन के बाद आवागमन के साधन बंद होने से बस्तर का मजदूर दूसरे राज्यों से अब मजबूरी में पैदल चलकर अपने गांव जगलों के रास्ते से वापस पहुंच रहे हैं। यह सिलसिला अनवरत जारी है। प्रशासन इसे लेकर ग्रामीणों के सहयोग से वापस लौटे उन मजदूरों का स्वास्थ्य जांच कर आइसालेशन में रख रही है। बावजूद इसके इतनी बड़ी तादाद में मजदूर अलग-अलग जगहों पर पहुंच रहे हैं कि उनकी जानकारी रखना भी प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। कल भी करीब 84 स्थानिय ग्रामीण मजदूर घुर नक्सल प्रभावित किस्टाराम, गोलापल्ली जैसे इलाकों से पैदल चलकर सुकमा पहुंचे हैं। आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना की सीमा जिले के कोंटा से लगे होने से सुकमा जिले में सबसे ज्यादा ग्रामीण मजदूर पड़ोसी राज्यों से कोंटा पंहुच रहे हैं।

लॉकडाउन के बाद से लगातार मजदूरों के आने का जारी है सिलसिला

जब से लॉकडाउन हुआ है, तब से लगातार मजदूरों के आने का सिलसिला जारी है। पलायन कर मजदूरी करने गए ग्रामीण अब मजबूरी में वापस लौट रहे हैं। क्योंकि वहां रोजगार नहीं मिलने से अपने पैसों से खाना पड़ रहा था, पैसे खत्म हो गए, इसलिए मजबूरी में पैदल आ गए। मजबूरी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि कल करीब 84 ग्रामीण मजदूर घुर नक्सल प्रभावित किस्टाराम, गोलापल्ली जैसे इलाकों से पैदल चलकर पहुंचे हैं।

कोंटा एसडीएम हिमांचल साहू ने बताया कि दूसरे राज्यों से आ रहे मजदूरों की जांच कर उन्हें चारंटाइन में रखा गया है। कल करीब 84 ग्रामीण मजदूर सुकमा पंहुचे हैं, जिन्हे अइसोलेशन राहत शिविर में रखा गया है।

ग्राम अमली में राशन पहुंचाने को लेकर अब राजनीति शुरू

विधायक पुजारी ने कांग्रेसी नेता पर सरकारी राशन को हाईजेक करने का लगाया आरोप

■ खाद्य विभाग ने की पुष्टि प्रशासन ने ही पहुचाया राशन

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले के मैनपुर ब्लाक अंतर्गत प्रशासन से हाईजैक कर ग्राम अमली में शासकीय राशन को कांग्रेस के कुछ जनप्रतिनिधि द्वारा वितरण किए जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। क्षेत्र के विधायक डमरुधर पुजारी ने तो आरोप लगाया है कि शासन के निर्देश पर प्रशासन चावल का वितरण कर रही है, फिर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि कैसे शासकीय चावल बांट रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है, वास्तविक रूप से देखा जाए तो शासकीय चावल को पहुंचाने की जवाबदारी खाद्य प्रशासन की है। इधर जिले के खाद्य विभाग ने दावा किया है कि जिले के सभी क्षेत्रों में राशन व्यवस्था सुचारू रूप से पहुंचा दी गई है, कहीं कोई दिक्कत नहीं है, खाद्य विभाग की हकीकत को सही माने तो कांग्रेस के कुछ जनप्रतिनिधियों का दावा झूठा साबित हो रहा है, इस मामले को लेकर विधायक के अलावा भाजपा के नेता भी सामने आ गए हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के नेताओं का कहना है कि कांग्रेसी झूठी वाहवाही न लूटे, कोरोनावायरस जैसी वैश्विक संकट के दौरान भी कांग्रेस के लोग राजनीति करने में लगे हुए है। यह दुख की बात हैं।

> जिला खाद्य अधिकारी हुलाश डड़सेना ने भी पुष्टि करदी है कि ग्राम अमली में प्रशासन के द्वारा ही राशन पहुचाया गया है। उन्होने बताया कि जिले के सभी क्षेत्रो में दो माह का निशुल्क राशन पहुच गया है और वितरण भी शुरू हो गया है। इसमें अधिकाश लोगो को राशन मिल भी गया है। कही कोई दिक्कत या समस्या नही है। खाद्य विभाग शासन प्रशासन के आदेश के अनुरूप तत्परता से कार्य कर रहा है।

इधर मामले में विधायक डमरूधर पुजारी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा है कि एक ओर राज्य की कांग्रेस सरकार कोरोना संक्रमण के मद्देनजर स्वंय आदेश जारी करते हुए कहती है गरीबो और निर्धनो को स्वयंसेवी संगठन या राजनीतिक दलो द्वारा राशन का वितरण ना किया गया है इससे लाकडाउन के उल्लंघन और सोशन डिस्टेंस के सिध्दांत के पालन ना होने की संभावना है दूसरी ओर कांग्रेस के जिम्मेदार नेता खुद सरकारी राशन को लेकर बांटने निकल पड़े है। कांग्रेसी खुद राज्य सरकार के आदेश की खुले आम धज्जियां उड़ा रहे है। तो क्या शासन के आदेश उन पर लागू नहीं होता।

विधायक ने भी कांग्रेसी नेता पर ही सस्ती और झूठी लोकप्रियता हासिल करने का आरोप लगाया है। विधायक ने कहा कि कांग्रेसी नेता झूठी वाहवाही बटोरने के कृत्यों से बाज नहीं आ रहे है। झूठी वाहवाही बटोरने अपने ही प्रशासन को निकम्मा बताया जा रहा है।

पेट्रोल पंप परिसर में अंडा बेचने पर लगाया दस हजार जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़। कोरोना वायरस को देखते हुए जिला प्रशासन ने एक आदेश जारी कर प्रति सोमवार को राजनांदगांव जिला के नगरीय क्षेत्र के मेडिकल, अस्पताल, व सरकारी कार्यालय को छोड़कर संपूर्ण बाजार बंद करने का निर्देश दिया गया है । जिसका उल्लंघन करते पाए जाने पर सरकार के द्वारा उस संस्था या दुकान पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया गया है। सोमवार को खैरागढ़ रोड स्थित कक्कड़ पेट्रोल पंप पर कक्कड़ पोल्ट्री फार्म के द्वारा अंडा बेचने पेट्रोल पंप प्रांगण का

दुरुपयोग किया जा रहा था जिसकी सीधी शिकायत एसडीएम कार्यालय में जागरूक आम नागरिक के द्वारा की गई इस शिकायत पर तत्काल एसडीएम अविनाश भोई के द्वारा टीम बनाकर छापामार कार्रवाई की गई आम नागरिक के द्वारा की गई शिकायत सही पाई गई । खैरागढ़ रोड स्थित कक्कड़ पेट्रोल पंप मालिक के द्वारा शासन प्रशासन के द्वारा लॉक डाउन के तहत बनाये गए नियम का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा था । जिसको देखते हुए नायब तहसीलदार सुश्री रश्मि दुबे के द्वारा सरकारी आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने के कारण कक्कड़ पेट्रोल पंप मालिक पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया और इस जुर्माना राशि को मुख्यमंत्री जिला सहायता कोष में जमा कराया गया।